दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 34 | जयपुर | शुक्रवार, 06 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार, तीसरी बार बने राज्य के मुख्यमंत्री, एनडीए की दिखी ताकत

बढ़ता राजस्थान

**मुम्बई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को मिले बंपर बहुमत के बाद देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। देवेंद्र फडणवीस के अलावा शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई में देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए की ताकत देखने को मिली। पूरे देश के एनडीए के नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। देवेंद्र फडणवीस को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इसके अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल भी इस समारोह में शामिल हुए।

## शपथ के पहले बालासाहेब और आनंद दिघे का नाम, मोदी-शाह का जताया आभार, एकनाथ शिंदे ने महफिल लूट ली

गुरुवार को मुंबई के आज़ाद मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के देवेन्द्र फडणवीस के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिंदे ने शपथ ली। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति देखी गई। कई केंद्रीय मंत्री और अन्य एनडीए नेता भी शामिल हुए।

शपथ लेने से पहले शिंदे ने अपने गुरु बालासाहेब ठाकरे और अपने गुरु आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व और महाराष्ट्र के 13 करोड़ मतदाताओं के समर्थन को स्वीकार किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा शपथ दिलाने से पहले शिंदे ने कहा कि मेरे गुरु, धर्मवीर आनंद दिघे को याद करते हुए, हिंदूहृदय सम्राट



बालासाहेब ठाकरे को मेरा शत-शत नमन। पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और आशीर्वाद और महाराष्ट्र के 13 करोड़ मतदाताओं के समर्थन से। शिंदे, जो पहले महायुति गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री थे, ने शुरू में डिप्टी सीएम पद स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, सहयोगी भाजपा के लिए शीर्ष पद छोड़ने में असहजता महसूस की। हालाँकि, जब उनके विधायकों ने उनसे पुनर्विचार करने का आग्रह किया, तो वह सहमत हो गए और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार के साथ शपथ ली। नई सरकार का गठन 20 नवंबर को राज्य विधानसभा चुनाव और 23 नवंबर को घोषित परिणामों के बाद दो सप्ताह की गहन बातचीत के बाद हुआ।



## गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं... शपथ के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पांच साल बाद मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजाद मैदान में समारोह में शामिल हुए। वहीं, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ उनके उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मंत्रालय में छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुरहाडे को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए हस्ताक्षर किए। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कोलाबा में शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## इसरो ने अंतरिक्ष में रचा नया इतिहास, प्रोबा-3 की हुई सफल लॉन्चिंग सूर्य के कोरोना की करेगा स्टडी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इसरो ने अंतरिक्ष में नया इतिहास रचा है। प्रोबा-3 की सफल लॉन्चिंग हुई है। सूर्य की स्टडी के लिए मिशन प्रोबा-3 लॉन्च किया गया है। जिसके द्वारा सूर्य के कोरोना की स्टडी की जाएगी। वहीं अगर बात करें की इसरो का ये मिशन क्या काम करने वाला है तो प्रोबा-3 मिशन सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा। सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा। इसरो इससे पहले भी दो प्रोबा मिशन सफल लॉन्च कर चुका है.

बता दें कि प्रोबा-3 में दो उपग्रह शामिल हैं जो एक साथ जुड़े हुए हैं. दोनों एक साथ उड़ान भरेंगे जो कि सूर्य के बाहरी वातावरण के अध्ययन के लिए हर छोटी से छोटी जानकारी पृथ्वी पर भेजेंगे। दो उपग्रहों वाला यह दुनिया में अपनी तरह का पहला यान माना जा रहा है। जो कि आज उड़ान भरेगा।

# राजस्थानी भाषा को जल्द मिल सकती है मान्यता

## आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के लोगों का लंबा इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। गुरुवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भारत सरकार के गृह सचिव गोविंद मोहन को पत्र लिख राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की सिफारिश की है। मुख्य सचिव ने अपने पत्र में लिखा- भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में भाषाओं को सम्मिलित करने और वस्तुनिष्ठ मानदंड तैयार करने हेतु सीताकांत महापात्र की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश में अलग-अलग भाषाओं को संवैधानिक दर्जा देने के लिए पात्र बताया गया है।

समिति की सिफारिश गृह मंत्रालय में विचाराधीन है। राजस्थानी भाषा को अब तक भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया। ऐसे में राजस्थानी भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने की कार्रवाई के संबंध में आदेश प्रदान किए जाए।



### विधानसभा में राजस्थानी भाषा पर संकल्प पारित हो चुका है

राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता प्रदान कर इसे भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में करने का संकल्प राजस्थान विधानसभा द्वारा 3 सितंबर 2003 को पारित किया जा चुका है। इसे भारत सरकार द्वारा मंजूर किया जाना ही बाकी है। इसको लेकर पिछले लंबे वक्त से प्रदेशभर में राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए अलग - अलग संगठन अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

## साउथ कोरिया में इमरजेंसी के 6 घंटे : राष्ट्रपति ने संसद में सेना भेजी, प्लेग्राउंड में उतरा मिलिट्री हेलिकॉप्टर, विपक्ष ने कैसे बचाया लोकतंत्र

**नई दिल्ली।** तारीख 3 दिसंबर, साउथ कोरिया में रात के 9 बजकर 23 मिनट हो रहे थे। ठीक इसी वक्त राष्ट्रपति यून सुक योल टीवी पर लाइव आते हैं और देश में मार्शल लॉ (सैन्य शासन) की घोषणा करते हैं। इस वक्त भारत में करीब 7 बज रहे थे। अचानक लगे मार्शल लॉ के खिलाफ साउथ कोरिया की विपक्षी पार्टियां एकजुट होती हैं और आधे घंटे के भीतर संसद का आपातकालीन सत्र बुलाती हैं।




## पुलिस बोली-संभल हिंसा में एक करोड़ की संपत्ति का नुकसान

### वसूली उपद्रवियों से की जाएगी, हमारे पास हिंसा में शामिल 400 आरोपियों के फुटेज

बढ़ता राजस्थान

लखनऊ/ संभल। उत्तर प्रदेश की संभल हिंसा में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कई कारें, ट्रांसफॉर्मर जलाए गए और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े गए। इसकी वसूली उपद्रवियों से की जानी है। यह जानकारी गुरुवार को संभल जिले के SP केके बिश्नोई ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस के पास हिंसा से जुड़े 400 लोगों के फुटेज हैं। इनकी पहचान की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। मैं सभी से



अपील करता हूं कि वे खुद पुलिस स्टेशन आकर अपराध कबूल करें। पुलिस हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर लगाएगी। संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। हिंसा के 12वें दिन गुरुवार को भी पुलिस ने हिंसा प्रभावित इलाकों में सर्चिंग की। इस दौरान फोरेंसिक टीम को 3 कारतूस, 1 खोखा और दो 12 बोर के मिस फायर कारतूस मिले।

## इमरान खान के खिलाफ 14 नए केस दर्ज

### इस्लामाबाद में हिंसक प्रदर्शन का आरोप

इस्लामाबाद। बढ़ता राजस्थान

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। इमरान के खिलाफ इस्लामाबाद में हिंसक प्रदर्शन के आरोप में 14 नए मामले दर्ज किए हैं। इसके साथ ही इस्लामाबाद में इमरान के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर 76 हो गई है। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस ने 5 दिसंबर को हाईकोर्ट में रिपोर्ट जमा कर इसकी जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक पिछले



महीने 24 नवंबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर हुए प्रदर्शन के बाद इमरान के खिलाफ 14 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इससे पहले उनके खिलाफ 62 मामले दर्ज थे, जो अब बढ़कर 76 हो गए हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

‘आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान’ विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए इसका वैश्विक प्रसार हो : राज्यपाल

## राज्यपाल ने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर, (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए इससे जुड़ी दुर्लभ औषधियों का पेटेंट, प्रमाणीकरण और इससे जुड़े स्वास्थ्यवर्धक गुणों का अधिकाधिक प्रसार किया जाए। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ असाध्य रोगों में भी इनके उपयोग के परीक्षण और प्रसार की दिशा में कार्य करने आह्वान किया है। बागडे गुरुवार को जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ‘आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान’ विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की ब्रांडिग और पैकेजिंग भी इस तरह से हो कि वह उपयोग के लिए आकर्षित करे। उन्होंने इनके विपणन की कारगर नीति पर भी कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद ज्ञान की चर्चा करते हुए आत्रेय, चरक, सुश्रुत आदि द्वारा प्रवर्तित चिकित्सा प्रणालियों के उपयोग और संभावनाओं पर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे आयुर्वेद के महान ज्ञान को सुनियोजित तरीके से देश से बाहर ले जाया गया। उस ज्ञान में कुछ हेर-फेर कर उसे अपना बनाने के प्रयास निरंतर हुए। इसलिए यह जरूरी है कि जो उपलब्ध ज्ञान हमारा है, आयुर्वेद की दुर्लभ औषधियां हैं- उनके पेटेंट की दिशा में निरंतर कार्य हो। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में आयुर्वेद के महान ज्ञान से जुड़ी किताबों की चर्चा करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी ने देश के उस महान ज्ञान को सदा के लिए समाप्त करने के लिए नालंदा पुस्तकालय में आग लगा दी। पर भारतीय ज्ञान को कोई मिटा नहीं सका है। उन्होंने आयुर्वेदाचार्यों से आग्रह किया कि वे प्राचीन भारतीय ज्ञान की धरोहर को जन—जन तक सुलभ कराएं। उन्होंने औषधीय प्रयोजनों के लिए जड़ी-बूटियों के उपयोग और लिखित ग्रंथों के महत्व पर भी कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने इससे पहले विश्वविद्यालय के अंतर्गत बने होम्योपैथी महाविद्यालय के भवन का भी लोकार्पण किया।

# जिले के 2209 बूथों पर 3 लाख 22 हजार 807 नौनिहाल गटकेंगे दो बूंद ज़िन्दगी की

## आगामी 08 दिसंबर को आयोजित होगा उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर द्वितीय।** जिले में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आगामी 08 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 2209 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 05 वर्ष तक के 3 लाख 22 हजार 807 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 08 दिसंबर को पोलियो दिवस पर 2209 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जायेगी। आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा बताया कि अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु क्षेत्र में 12534 वैक्सीनेटर और 713 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 125 ट्रांजिक्ट टीमें और 529 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी। इस प्रकार अभियान में कुल 13247 मैनपावर कार्यरत रहेगा।

# क्लब महिंद्रा ने 100 से अधिक कमरों के साथ अपने कंडाघाट रिसॉर्ट का किया विस्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/मुंबई।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड, क्लब महिंद्रा ने अपने कंडाघाट रिसॉर्ट के उल्लेखनीय विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने रिसॉर्ट में 100 से ज़्यादा कमरे जोड़े हैं और वित्त क्यू वी एफ वाई 26 की पहली तिमाही तक रिसॉर्ट में 40 से ज़्यादा कमरे और जोड़े जाएंगे। इस विस्तार से अतिथियों को बेहतर अनुभव मिलेगा और वे कंडाघाट के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों से घिरा, यह विस्तारित रिसॉर्ट अब परिवार और बड़े समूह दोनों के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित है, जिसमें 1-बेडरूम से लेकर स्टूडियो और होटल यूनिट सहित कई प्रकार के कमरे उपलब्ध हैं। कालका, चंडीगढ़ और नई दिल्ली से ड्राइविंग डिस्टेंस के भीतर सुविधाजनक रूप से स्थित, और शिमला तथा चंडीगढ़ के निकटतम हवाई अड्डों के पास बना यह रिसॉर्ट उत्तर भारत के यात्रियों के लिए प्रमुख विकल्प है। इस विस्तार का उद्देश्य है, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब के सदस्यों की बढ़ती मांग को पूरा करना, जो अक्सर खुद ड्राइव कर पहुंच पाने वाली जगहों पर छुट्टियां बिताना चाहते हैं। इस विस्तार के साथ, क्लब महिंद्रा कंडाघाट ने सदस्यों का स्वागत करना शुरू कर दिया है, जिससे उन्हें छुट्टियों का यादगार अनुभव बनाने में मदद मिलेगी।महिंद्रा हॉलिडेज़ एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, मनोज भट ने इस विस्तार पर अपनी टिप्पणी में कहा, हमें इस विस्तारित क्षमता के साथ अपने सदस्यों के बढ़ते समुदाय को बेहतर सेवा प्रदान करने की खुशी है। छुट्टियों को पूरा करने की हमारी बढ़ी हुई क्षमता का मतलब है कि हमारे सदस्य कंडाघाट के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक समृद्धि का आनंद लेते हुए अधिक सहज बुकिंग करा सकते हैं।

# महिंद्रा ने उत्कृष्ट भारतीय किसानों को सम्मानित करने के लिए की मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2024 की शुरुआत

## इस कार्यक्रम में भारत के सबसे अमीर किसानों को सम्मानित किया गया और कृषि परिदृश्य को बदलने के लिए अत्याधुनिक तकनीक के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/नई दिल्ली, (का.स.)।** भारत का अग्रणी ट्रैक्टर ब्रांड महिंद्रा ट्रैक्टर्स ‘मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड’ नामक एक अभूतपूर्व पहल के माध्यम से भारत के सफल किसानों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाता है। अपने दूसरे संस्करण में, 01 से 03 दिसंबर, 2024 तक नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में आयोजित इन पुरस्कारों में श्री नितिन गडकरी – माननीय केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार, श्री भागीरथ चौधरी – माननीय राज्य मंत्री, कृषि और किसान कल्याण, प्रो. रमेश चंद – माननीय सदस्य, नीति आयोग, प्रो. एसपी सिंह बघेल, माननीय राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और श्री पुरुषोत्तम रूपाला – पूर्व केंद्रीय मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सम्मानित उपस्थिति देखी गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 300 श्रेणियों में 1200 से अधिक किसानों को सम्मानित किया गया, जैसे बागवानी विशेषज्ञ, मसाला किसान, मुर्गीपालन, डेयरी आदि और इसमें भारत के कृषि उद्योग से जुड़ी प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। कार्यक्रम में महिंद्रा ने अत्याधुनिक ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदर्शित की। मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया के उद्घाटन संस्करण की तरह, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पूरे वर्ष के दौरान केवीके (कृषि विज्ञान केंद्रों) में रोड शो और गतिविधियों के माध्यम से जिला स्तर पर किसानों के साथ बातचीत की। भारत में कृषि के पेशे को मान्यता देने, प्रेरित करने और उसे उन्नत करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ, ‘भारतीय करोड़पति किसान पुरस्कार’ उन किसानों को मान्यता देता है, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से न केवल अपनी कृषि आय को दोगुना किया है, बल्कि सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के माध्यम से करोड़पति का दर्जा भी हासिल किया है, जबकि पिछले कई वर्षों में अपने कृषि भूमि से उत्पादकता और लाभप्रदता के रिकॉर्ड स्तर को प्राप्त किया है।

60 वर्षों के दौरान, महिंद्रा ने 390 से अधिक ट्रैक्टर मॉडल की विविध रेंज को शामिल करते हुए अपनी पेशकशों का विस्तार किया है। इस अवधि के दौरान, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने भारत भर में 1200 से अधिक डीलर भागीदारों का एक मजबूत नेटवर्क भी स्थापित किया है, जिसमें ग्राहक सर्वोपरि अभिविन्यास है, जिसने ब्रांड को 40 लाख महिंद्रा ट्रैक्टर ग्राहकों के बढ़ते आधार को बिक्री, सेवा और स्पेयर्स सहायता के बेजोड़ स्तर प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

# गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह आज

### डीजी होमगार्ड राजेश निर्माण लेंगे मार्च पास्ट की सलामी, बल के आला अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे उपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस शुक्रवार को फतेहपुरा बेगस स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में मनाया जाएगा। पुलिस महानिदेशक होमगार्ड राजेश निर्वाण इस अवसर पर परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। प्रात: 9.00 बजे से स्थापना दिवस के कार्यक्रम संचालित होंगे। इस अवसर पर गृह रक्षा बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे डीजी निर्वाण ने बताया कि वर्ष 1962 में देश और राजस्थान राज्य के नागरिकों को सुरक्षा और सहायता प्रदान करने और जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के लिए स्वयं सेवी बल का संगठन होमगार्ड अस्तित्व में आया। होमगार्ड की मूल संकल्पना को विश्व युद्ध-2 के दौरान यूनाइटेड किंगडम में स्थानीय सुरक्षा के लिए गठित स्वंयसेवा बल से लिया गया है। डीजी होमगार्ड ने बताया कि भारत-चीन युद्ध 1962 के दौरान हमारे देश में यह संगठन पुनर्जीवित हुआ। होमगार्ड नामक संगठन, देश के जिम्मेदार और स्वयंसेवी नागरिकों का बल, 1962 के चीनी आक्रमण के दौरान एक बड़ी ताकत बनकर सामने आया। संगठन की प्रभावशीलता को देखते हुए केंद्र द्वारा राज्यों को भी इस मॉडल को अपनाने और प्रत्येक राज्य में होमगार्ड बल गठित करनें की सलाह दी गई।

# डम्पर ने स्कूल बस को मारी टक्कर, 15 बच्चे घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** कालवाड़ रोड पर गजाधरपुरा तिराहे पर गुरुवार सुबह एक डम्पर ने स्कूल बस को टक्कर मार दी। हादसे में करीब 15 बच्चे घायल हो गए। हादसे के समय बस में 27 बच्चे सवार थे। घायलों में 4 को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डम्पर को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद चालक डम्पर छोड़कर भाग निकला। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रतन सिंह ने बताया कि हादसे में बस के आगे का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी बच्चे कालवाड़ रोड स्थित गोविंदपुरा की किरन स्कूल के हैं। घटना की जानकारी मिलने पर बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। बच्चों को अपने साथ लेकर चले गए। चार बच्चों का निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनका उपचार चल रहा है। किसी भी बच्चे को गम्भीर चोट नहीं लगी है। बस चालक से पूछताछ में सामने आया है कि तेज रफ्तार डंपर ने बस को टक्कर मार दी। डंपर को जब्त कर लिया गया है।

# चारदीवारी में रुई फैक्ट्री में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चार दरवाजा इलाके में रुई फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। करीब आधा दर्जन दमकल ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चार दरवाजा से मौलाना साहब दरगाह जाने वाले रास्ते को बंद करके लोगों की आवाजाही को रोक दिया गया, ताकि किसी प्रकार से जनहानि नहीं हो। एसीपी रामगंज हरिशंकर के मुताबिक बुधवार रात को चार दरवाजा इलाके में एक रुई की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही गलता गेट थाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन फिर से आग ज्यादा भभक गई। गलता गेट थाना पुलिस के सहयोग से दमकल कर्मियों ने दीवार तोड़कर फैक्ट्री के अंदर पानी की बौछारें करके आग पर काबू पाया।

टीडीटी 2025 : 17-18 जनवरी को दा ढूंढाड टॉक्स जयपुर में

# उद्घाटन कार्यक्रम मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख प्रदीप जोशी रहेंगे मुख्य वक्ता

## दा ढूंढाड टॉक्स मे देश की जानी-मानी बड़ी हस्तियां करेंगी शिरकत

बढ़ता राजस्थान

- दा ढूंढाड टॉक्स कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन
- दो दिन विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो पर विशेषज्ञ करेंगे चर्चा



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 17 जनवरी से दा ढूंढाड टॉक्स का आयोजन होने जा रहा है। दो दिन तक चलनेवाले इस दा ढूंढाड टॉक्स में देश की बड़ी हस्तियां शिरकत करेंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सांगानेर महानगर के महानगर संघचालक आशीष गुप्ता ने कहा कि प्रदीप गोपाल स्मृति न्यास सांगानेर का दा ढूंढाड टॉक्स 17 व 18 जनवरी को सीतापुरा स्थित पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में होगा। इस भव्य आयोजन मे देशभर से दर्जनो लेखक, वक्ता और कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 17 जनवरी प्रात: 9 बजे उद्घाटन समारोह से होगी। उद्घाटन कार्यक्रम मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख प्रदीप जोशी मुख्य वक्ता रहेंगे। कार्यक्रम में कुल सात सेशन रहने वाले हैं। प्रथम मे ओर्गेनाइजर संपादक प्रफुल्ल केतकर, स्प्रिंग बोर्ड के राजवीर सर और जागरण पत्रिका के सह प्रबंधक श्यामसिंह रहेगे। द्वितीय मे केरला स्टोरी के लेखक सूर्यपाल सिंह और समाज सेवी व लेखिका दीपिका नारायण भारद्वाज शामिल होगे। म्यूजिक नाईट सायं 5 बजे रहेगा जिसमे रेपरिया बालम अपनी शानदार प्रस्तुतिया देगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 18 जनवरी को प्रात: 10 चौथे सत्र में सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा और फैशन डिजाइनर रुमा देवी महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। दोपहर 2 बजे प्रथम सॉफ्टवेयर के सीईओ पुनीत मित्तल और डायरेक्टर पूर्णिमा शशिकांत सिंघी राष्ट्रहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर अपना मंतव्य रखेंगे। कार्यक्रम के अंतिम सेशन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी शामिल होंगे। इस दौरान सांगानेर महानगर संघ चालक आशीष गुप्ता,, को-फाउण्डर राहुल सिन्धी, उद्योगपति अक्षय गुप्ता, उद्योगपति अक्षय हाडा, भार्गव एवं लोढा स्टॉक ब्रोकर नरेश भार्गव, जेइआरसी डाइरेक्टर अमित अग्रवाल, रूगटा हास्पिटल डायरेक्टर रासविहारी रूंगटा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रांत प्रचार प्रमुख अविनाश पॅवार, महात्मा गांधी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा.बुद्धि प्रकाश की ओर से दा ढूंढाड टॉक्स के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की जरूरत को बताते हुए आशीष गुप्ता ने बताया कि ये कार्यक्रम विविध उद्देश्यों के साथ तय हुआ है जिसमें हम राष्ट्र निर्माण को सर्वोपरि मानते हुए उसके लिए क्या आवश्यक है उस पर कार्यक्रम में मंथन होगा और कुछ विमर्श ऐसा निकलेगा जो आने वाले समय में इस राष्ट्र को पुन: गौरव पद पर स्थापित होने मे सहायक होगा।

### राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का भान कराएगा कार्यक्रम

गुप्ता ने बताया कि राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे ज़्यादा आवश्यक है हम नागरिक अपने कर्तव्यों को समझे और अनुशासित होकर उन कर्तव्यों का निर्वहन करे। हमें अपने अधिकार तो पता है लेकिन हम हमारे कर्तव्यों को भूल जाते है। देश को देने का भाव जाग्रत करना ही कार्यक्रम का अहम उद्देश्य है ।

# पुलिस ने बरामद किए करीब दो करोड़ के 762 मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** कमिश्नरेट पुलिस के ईस्ट जिला पुलिस ने खो चुके 762 मोबाइलों को रिकवर किया है। इन मोबाइलों की बाजार कीमत 1.50 से 2 करोड़ रुपए है। रिकवर मोबाइलों को डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने मोबाइल धारकों दिया। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बीते कुछ दिनों से जिले में मोबाइल चोरी की वारदात की संख्या बढ़ रही थी। इस पर पीड़ित लोगों को उनके मोबाइल दिलाने के लिए साइबर सेल को एक्टिव कर उस पर काम करने के निर्देश दिए। इसका सुपरवीजन एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी कर रहे थे। तकनीकी शाखा के सहयोग से ऑपरेशन री कॉल के तहत मौजूदा साल 2024 में गुम मोबाइलों को सर्च करने के लिए थाने की टीमों का भी गठन किया गया। मोबाइल कम्पनी और सीईआईआर पोर्टल की सहायता से पुलिस ने कई जिलों और राज्यों से मोबाइल को रिकवर किया। पुलिस ने 762 मोबाइल फोन को रिकवर किया जिस की बाजार कीमत डेढ़ से 2 करोड़ रुपए हैं।

डीसीपी ने बताया कि बरामद किए गए मोबाइल फोन हर वर्ग के थे, जिन्हें थानों पर बुलाकर उनके मोबाइल दिए गए हैं। हमारी टीम अभी तक गुम हुए मोबाइल पर काम कर रही हैं। मोबाइल लेने आए लोगों को भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई की यह पोर्टल पर कैसे कोई अपने मोबाइल फोन की गुशुदगी दर्ज करवा सकता है। साथ ही उसकी लोकेशन कैसे ट्रेस कर सकता हैं।

# आज से जयपुरिया का वार्षिक महोत्सव ‘अभ्युदय-2024’

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर को 6-7 दिसंबर को 18वां अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक महोत्सव %अभ्युदय-2024% आयोजित होगा। इसमें युवाओं को प्रतिभा दिखाने के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुख्य आकर्षण में डुएट डांस, फैशन शो, मोनो एक्टिंग, रैप प्रतियोगिता, रील मेकिंग, ट्रेजर हंट, ऐड मैड, स्ट्रीट प्ले और क्रिएटिव राइटिंग जैसे इवेंट शामिल हैं। इसमें 5 सबमिशन आधारित इवेंट और 27 ऑन-कैंपस इवेंट होंगे। पूरे भारत से लगभग 1500 छात्र इस महोत्सव में भाग लेंगे। अब तक देशभर के 40 कॉलेजों ने अपनी सहभागिता के लिए फॉर्म जमा किए हैं। मुख्य रूप से बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एफएमएस आईआरएम, आईबीएस जयपुर, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, ज़ेवियर कॉलेज, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के प्रतिभागी शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता में यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, यूके, डी-मोंट फोर्ट यूनिवर्सिटी, दुबई, बैब्सन कॉलेज, यूएसए, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया और मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी, यूके शामिल हैं। ‘अभ्युदय 2024‘ का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकुमार देवायुष सिंह, युवराज मनोहरपुर-शाहपुरा शाही परिवार, पूर्व राज्य मंत्री, बीजेवाईएम राजस्थान निदेशक, अलीला होटल बिशनगढ़, द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथियों में सुश्री सृष्टि खत्री (फैशन मॉडल और इन्फ्लुएंसर, मिस इंडिया फेम 2019) और सुश्री सौम्या आनंद (कंटेंट क्रिएटर और मॉडल, रनर-अप एलीट मिस राजस्थान) शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज और अभ्युदय के संयोजक डॉ. दनेश्वर शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण ‘बद्री की दुल्हनिया’ फेम बॉलीवुड गायक देव नेगी का परफॉर्मेंस होगा, जो 6 दिसंबर को ‘सेलिब्रिटी नाइट’ के दौरान प्रस्तुति देंगे। वहीं, 7 दिसंबर को ‘डीजे नाइट’ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध डीजे इंडोमाफिया अपनी प्रस्तुति देंगे।

# कुच बिहार ट्रॉफी में उदय सिंह राजावत का चयन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** बी बी सी आई द्वारा आयोजित अडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए गांव चन्दलाई के उदय सिंह राजावत का राजस्थान टीम में चयन हो गया है।उनका अगला मैच आसम के खिलाफ राजस्थान जयपुर में लीग मैच खेलेगा। राजस्थान चन्दलाई ग्रामवासियो में खुशी की लहर है और श्री राजपूत सभा जयपुर राजस्थान केंद्रीय अध्यक्ष श्री राम सिंह राजावत चन्दलाई ने उदय सिंह का अभिनन्दन किया। इस दौरान हेम सिंह राठौड़, एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया, मदन सिंह राजावत आदि मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांक:- न.पा.नि./ई-नीलामी/2024-25/8038 दिनांक:-05/12/2024

## भव्य ई-नीलामी सूचना

कार्यालय नगर पालिका निवाई द्वारा पालिका की अनुमोदित कॉलोनी बापू नगर में आवासीय भूखण्डो की नीलामी 27.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 31.12.2024 को सायंकाल 5:00 बजे तक ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जावेंगे। ई-ऑक्शन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान-पत्र अपलोड करने की कार्यवाही पूर्ण करने पर ही ऑनलाईन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नीलामी भागीदारी शुल्क (प्रति भूखण्ड) | 1000/- |
| 2 | ई-ऑक्शन हेतु वेबसाईट | http://lsgeaucation.rajasthan.gov.in |
| 3 | ऑनलाईन भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि जमा कराने की दिनांक | दिनांक 23.12.2024 से 26.12.2024 सायंकाल 6:00 बजे तक |
| 4 | ई-नीलामी बोली प्रारम्भ करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 27.12.2024 प्रातः 10:00 बजे से |
| 5 | ई-नीलामी बोली समाप्ति की तिथि एवं संमय | दिनांक 31.12.2024 को सायंकाल 6:00 बजे तक |

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | किस्म/ प्रकार | कुल क्षेत्रफल वर्गगज | आरक्षित दर प्रति वर्गगज (राशि रूपये में) | भूखण्डों की तादाद | अमानत राशि (प्रति भूखण्ड) (राशि रूपयों में) | बोली प्रक्रिया / आवेदन शुल्क (राशि रूपयों में) | बोली प्रक्रिया प्रारंभ दर प्रति वर्गगज (राशि रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 73, 261, 262, 263, 221 | आवासीय | 39X69 299 वर्गगज | 6000 | 5 | 35,000 | 1000 | 6000 |
| 2 | 93, 99, 109, 140 149, 158, 159, 161, 164, 166, 169, 173, 174, 175, 210, 213, 215, 217, 218, 219, 224, 225, 226, 227,229 230, 231, 233, 234, 235, 236, 237, 239, 248, 252, 253, 258, 266, 267, 310, 314, 318, 330, 334, 335, 336 | आवासीय | 30X60 200 वर्गगज | 6000 | 46 | 25,000 | 1000 | 6000 |
| 3 | 271, 272, 273, 278, 279, 282, 284, 286, 287, 290, 291, 292, 293, 294, 299, 301, 303, 304, 305, 306, 308, 371, 372, 373, 375, 376, 378, 380, 381, 384, 388, 389, 390, 393, 408, 411, 413, 414, 419, 420 | आवासीय | 25X50 138.88 वर्गगज | 6000 | 40 | 20,000 | 1000 | 6000 |
| 4 | 422, 424, 425, 426 | आवासयी | 20X50 | 6000 | 4 | 15000 | 1000 | 6000 |

नोट:- नीलामी में शामिल किसी भूखण्ड के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो के साथ कार्यालय में नीलामी दिनांक से पूर्व नियमानुसार अपनी आपत्ती दर्ज करावें, बाद मियाद कोई कार्यवाही नही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति/संस्था की होगी।

**नीलामी की शर्तें:-**

1. भूखण्ड जहां है, जैसा है के आधार पर नीलामी किये जायेंगे।
2. इच्छुक बोली दाता की अपनी स्वयं की SSO ID होना अनिवार्य है। नीलामी बोलीदाता नीलामी भागीदारी शुल्क एंव अमानत राशि अपनी SSO ID से G2C एप में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफ़ाईल बनाकर जमा करवाकर ही नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानत पृथक-पृथक जमा होने पर बोली में भाग ले सकेगे। उक्त धरोहर(अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
4. यह भूमि विक्रय राज. नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम से संशोधन 02 को 2010 व उनके जारी परिपत्रो के अन्तर्गत की जा रही है।
5. नीलामी बोली में कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम नीलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
6. उच्चतम बोली लगाने वाले (सफ्ल बोलीदाता) को नीलामी स्वीकृत होने की पश्चात मांग पत्र जारी होने की दिनांक से तीन दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफ्लता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानत राशि जब्त कर ली जावेंगी और भूमि की नीलामी स्वत: रद्द मानी जावेगी।
7. सफ्ल बोलीदाता द्वारा बोली की बकाया रकम 35 प्रतिशत नीलामी दिनांक से 120 दिवस के भीतर जमा कराना आवश्यक होगा। विफ्ल रहता है तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनो या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
8. सफ्ल बोलीदाता 180 दिन में शेष 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफ्ल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि बोलीदाता डिमाण्ड नोटिस की तारीख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी। भूखण्डो की सम्पूर्ण राशि ऑनलाईन जमा कराना अनिवार्य होगा।
9. भूखण्ड 99 वर्षीय लीजहोल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेन्ट के आधार पर विक्रय किया जावेगा। जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यवसायिक की 5 प्रतिशत एवं आवासीय की 2.5 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
10. लीजडीड शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके स्टाम्प, नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।
11. बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई के पास सुरक्षित रहेगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
12. बौली लगाने के दौरान किसी भी भूखण्ड में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उस भूखण्ड की बोली स्थगित/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका निवाई एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई में निहित होगा।
13. तीन वर्ष अवधि के अन्दर नियमो के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण करना होगा। यदि तीन वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नही करवाया गया तो जमा कराई गयी सम्पूर्ण राशि को पालिका द्वारा जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा। तथा पुन: नीलाम कर दिया जावेगा।
14. उपरोक्त भूखण्डो का मौके पर क्षेत्रफ्ल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी।
15. ई-ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। क्र.स. 1 से 03 पर वर्णित भूखडो की नीलामी बोली 100/- रू गुणंक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी।
16. अन्य जानकारी के लिय कार्यालय नगर पालिका निवाई में सम्पर्क करे। सम्पर्क सूत्र श्री रोडूलाल सैनी, कनिष्ठ सहायक, नगर पालिका निवाई- 9252322393

**नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक निर्देश:-**

1. नगर पालिका निवाई द्वारा आयोजित आवासीय भूखण्डो की ई-नीलामी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नगर पालिका निवाई की वेबसाईट पर जाने हेतु http://isgeauction.rajasthan.gov.in पर क्लिक करे।
2. इसके पश्चात ई-नीलामी में ऑनलाईन भाग लेने के लिए क्लिक करे जिसके उपरान्त SSO ID विन्डो ओपन होगी।
3. SSO ID से Login कर LSG-E-AUCTION एप पर अपनी प्रोफ़ाईल बनाकर नीलामी में भाग ले सकते है।
4. रजिस्टेश्न प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए दूरभाष नं. श्री रोडूलाल सैनी कनिष्ठ सहायक 9252322393, श्री अनिल सैनी कम्प्यूटर ऑपरेटर 9667249497, श्री अशोक कुमार सैनी कम्प्यूटर ऑपरेटर 9588859305 पर सम्पर्क किया जा सकता है। ई-नीलामी पोर्टल पर आवेदक को अपनी बिडिंग प्रोफाईल, आवश्यकता अनुसार दस्तावेजो एवं सिस्टम द्वारा चाही गई सूचनाओ को अद्यतन (Upload) किया जाना होगा। अत: आवेदक से अपेक्षा की जाती है कि नीलामी में भाग लेने से पूर्व उक्तानुसार प्रक्रिया समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करे। प्रोफ़ाईल अनुमोदित होने के पश्चात ही बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने योग्य होगा।
5. नीलामी से संबंधित नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पालिका निवाई में सम्पर्क कर एवं वेबसाईट http://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मनोहर लाल जाट**
**अधिशाषी अधिकारी**

**दिलीप इसरानी**
**अध्यक्ष**

## सम्पादकीय


# संवेदनशील राज्य पंजाब में सुरक्षा पर सवाल, अकाल तख्त में हुआ बड़ा हादसा

पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से फिर कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्त्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती। ऐसे वातावरण में पुलिस से अधिक चौकस रहने की अपेक्षा की जाती है। मगर पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर जिस तरह स्वर्ण मंदिर परिसर में जानलेवा हमला हो गया, उससे जाहिर है कि पुलिस ने उनकी सुरक्षा के अपेक्षित इंतजाम नहीं किए थे। जिस व्यक्ति ने उन पर गोली चलाई वह खालिस्तान समर्थक पूर्व आतंकवादी है। रामरहीम के आपराधिक मामले में सुलह करवाने के आरोप में अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को तनखैया घोषित कर गुरुद्वारे में सेवा करने और कीर्तन सुनने का आदेश दिया था। उसी का पालन करते हुए स्वर्ण मंदिर परिसर में वे सेवा दे रहे थे। एक व्यक्ति ने उसी वक्त उन पर हमला करने की कोशिश की। गनीमत थी कि वहां सादी वर्दी में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। इस तरह गोली बादल को न लग कर दीवार पर जा लगी। हालांकि स्वर्ण मंदिर परिसर में उस तरह श्रद्धालुओं की तकनीकी जांच नहीं होती, जिस तरह अन्य अनेक पूजा स्थलों पर की जाती है। श्रद्धालु मुक्त रूप से परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। पर सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सैकड़ों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। यह अच्छी बात है कि श्रद्धा के मामले में वहां सरकारी हस्तक्षेप नहीं है, मगर सुखबीर बादल वहां किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह नहीं गए थे। उनकी सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही की अपेक्षा नहीं की जा सकती। गनीमत है कि सादी वर्दी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उस हमले को नाकाम कर दिया, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर बंदूक लेकर कोई शख्स कैसे पूर्व मुख्यमंत्री के करीब तक पहुंच गया। अगर उसे परिसर में प्रवेश से पहले ही पकड़ लिया जाता, तो वह गोली चलाने में कामयाब ही न हो पाता। दूसरी बात, कि अगर मंदिर परिसर में सादी वर्दी में प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो उन्हें उस व्यक्ति को पहचानने में इतनी देर कैसे हो गई कि वह बादल के करीब तक पहुंच गया। पंजाब सीमावर्ती राज्य होने के कारण भी बहुत संवेदनशील है। अमृतसर तो बिल्कुल पाकिस्तान सीमा से लगा हुआ है। यह भी छिपी बात नहीं है कि अलगाववादी तत्त्वों के तार पाकिस्तानी दहशतगर्दों से भी जुड़े हुए हैं। जिस व्यक्ति ने बादल पर हमला किया, उसके बारे में भी बताया जा रहा है कि खालिस्तान आंदोलन के दौरान पाकिस्तान गया था। ऐसे में पुलिस और सुरक्षाबलों की मामूली लापरवाही भी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। पंजाब में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर काबू न पा सकने की वजह से स्वाभाविक ही वहां की राज्य सरकार पर सवाल उठते रहे हैं।

# महिलाओं की भागीदारी को सुरक्षित पंख लगाने को शी बॉक्स पोर्टल मज़बूत आधार

**वैश्विक स्तरपर भारत के विज़न 2047 की पूरी दुनिया में गूंज हो रही है जो हर क्षेत्र में विकसित भारत के लिए बनाए गए रोड मैप का एक संयुक्त पत्रक है, जिसका एक महत्वपूर्ण भाग महिलाओं के नेतृत्व को आगे बढ़ना भी है, जिसके लिए यह जरूरी है कि उनके लिए राजनीतिक सामाजिक कार्यपालिका सहित सभी क्षेत्रों में अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक सुरक्षित संरक्षित माहौल बनाया जाए, ताकि उनके टैलेंट को पंख लगा सके परंतु ऐसा देखा गया है कि इन क्षेत्रों में महिलाओं का यौन उत्पीड़न होने की शिकायतें सामने आई तो सरकार ने इसको रेखांकित कर कार्य स्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (शिकायत निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 बनाया परंतु उसके ि यान्वयन में देरी व लीकेजेस को रेखांकित कर 29 अगस्त 2024 को एक कार्यर म में शी-बॉक्स पोर्टल लॉन्च किया गया था,**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



जिसमें महिलाओं की शिकायतें दर्ज कर निगरानी करने,व त्वरित कार्रवाई करने का एकीकृत प्लेटफार्म है, जिसपर सभी संबंधितों की नजर होगी, इसलिए पारदर्शिता से कार्रवाई शीघ्र होगी जो 90 दिन निर्धारित हैं। इस विषय पर आज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भारत में शुरू संसद के शीत सत्र 2024 में दिनांक 4 दिसंबर 2024 को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला बाल विकास कल्याण राज्यमंत्री ने उसके उत्तर में सटीक बातें कही, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुरक्षित व संरक्षित बनाने व महिला कार्यबल मिशन 2047 में मील का पत्थर साबित होगा। साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल को जानने की करें तो, कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार की तरफ से ये महत्वपूर्ण कदम है।यह पोर्टल देश में आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं के लिए एक स्टोरेज के रूप में काम करेगा, जिसमें गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों सेक्टर होंगे।यह पोर्टल महिलाओं को शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति पर निगरानी रखने तथा यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि उनकी शिकायतों का समय पर निपटारा हो, इसके लिए शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि महिला को न्याय मिल सके,. केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस पहल से कार्यस्थल से संबंधित यौन उत्पीड़न की शिकायतों का समाधान करने के लिए पहले से अधिक कुशल और सुरक्षित मंच उपलब्?ध कराया जा सकेगा,यह कदम देश में महिलाओं के लिए सुरक्षित और अधिक समावेशी कामकाज का वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ कुकृत्य के बाद ही देश में आक्रोश का माहौल है,लोग इस घटना के बाद वर्क स्पेस पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे थे,ऐसे में सरकार वर्क स्पेस पर महिलाओं के काम करने और उनकी सुरक्षा को लेकर कई कदम उठा रही है। साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल की विधि को जानने की करें तो, (1)विजिट वेबसाइट- सबसे पहले नोटिफिकेशन में दी गई वेबसाइट पर जाएं।(2) रजिस्टर कंप्लेंट- होम पेज पर रेड कलर में रजिस्टर योर कंप्लेंट का ऑप्शन मिलेगा। इस पर टैप करने के बाद आप कंप्लेंट रजिस्टर्ड पेज पर पहुंच जाएंगे।(3)कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन पेज पर प्रक्रिया शुरू करने के लिए रजिस्टर कंप्लेंट करें पर टैप करें।(4)यहां दो ऑप्शन होंगे- सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस और स्टेट गवर्मेंट ऑफिस, आपको सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस पर टैप करना है। (5) पर्सनल डिटेल- अब आपके




सामने पर्सनल डिटेल फिल करने का ऑप्शन आएगा। इसमें नाम, कॉन्टैक्ट डिटेल और इम्प्लॉयमेंट स्टेट्स, इंसीडेंट डिटेल और एविडेंस जैसी चीजें शामिल हैं। (6) रिव्यू एंड सबमिट- एक बार ये सारी चीजें फिल करने के बाद रिव्यू एंड सबमिट का ऑप्शन आएगा। जिस पर टैप कर दें।अब शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा होगी। सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न सहित अन्य तरह की ज्यादती होने पर इसकी ऑनलाइन शिकायत शी-बॉक्स पोर्टल पर जाकर दर्ज करा सकती हैं। संबंधित विभाग इस पर त्वरित पहल करते हुए संबंधित संस्थान या व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करेगा। जिला स्तरपर इसका नोडल पदाधिकारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को बनाया गया है, जो स्थानीय स्तरपर शिकायतों का निवारण एवं आवेदन प्राप्त कर उचित कार्रवाई करेंगे। कोई भी महिला बाल विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद उस शिकायत को सीधे संबंधित नियोक्ता के आईसीसी/एलसीसी को भेज दिया जाएगा। इस पोर्टल के जरिए न केवल मंत्रालय, बल्कि शिकायतकर्ता भी जांच की प्रगति की निगरानी कर सकेंगी। इस पोर्टल के बारे में महिलाओं को अवगत कराने के लिए जिला प्रशासन इसका प्रचार-प्रसार करेगा। साथियों बात अगर हम पोर्टल के उद्देश्यों को जानने की करें तो,भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सरकार ने एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो महिलाओं को कार्यबल में सफल होने में सक्षम बनाता है। इस प्रयास की आधारशिला है, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, जिसका उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उनकी शिकायतों का समाधान करना है। हाल ही में लॉन्च किया गया शी-बॉक्स पोर्टल इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि शिकायतें न केवल दर्ज की जाएं बल्कि सक्रिय रूप से उनकी निगरानी भी की जाए, जिससे कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा उपलब्ध हो। साथियों बात अगर हम 4 दिसंबर 2024 को लोकसभा में शी-बॉक्स पोर्टल संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर की करें तो, शी- बॉक्स पोर्टल मंत्रालय की एक पहल है, जिसका उदेश्य देश भर में विभिन्न कार्यस्थलों पर गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीयसमितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं का सार्वजनिक रूप से उपलब्ध केंद्रीकृत संग्रह उपलब्ध कराना है,चाहे वे सरकारी होंया निजी क्षेत्र के और साथ ही एक संपूर्ण एकीकृत शिकायत निगरानी प्रणाली भीइसमें प्रत्येक कार्यस्थल के लिए एक नोडल अधिकारी को नामित करने का प्रावधान है,जिसे शिकायतों की वास्तविक समय निगरानी के लिए नियमिआधार पर डेटा/जानकारी का अद्यतन सुनिश्चित करना होता है शी-बॉक्स पोर्टल पर दर्जकी गई कोई भी शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल के आईसी या जिले के एलसी के पास पहुंचती है, जैसा भी मामला हो पोर्टल कोइस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह गोपनीयता बनाए रखने के लिए शिकायतकर्ता के विवरण को छुपाता है।

## शख्सियत

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री नारायण टोंगस। जोकि इस समय नागौर जिले के पुलिस कप्तान पद को सुशोभित कर रहे हैं। 10 जून सन 1971 को पाली जिले के जैतारण तहसील के डिगरना गाँव में जन्में टोंगस साब बहुत ही ऊर्जावान पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। एम.ए (दर्शनशास्त्र) के रूप में एज्यूकेश्न के बाद सन 1997 में राजस्थान पुलिस सेवा में आए और राजस्थान के विभिन्न जिलों में डिप्टी एसपी और एडिशनल एसपी के रूप में अपनी सेवाए दी और एक मजबूत और दमदार अधिकारी के रूप में मोर्चा संभाले रख्खा। 2020 में भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति पर आए और कमाण्डेन्ट, 5जी बटालियन, आरएसी जयपुर लगे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, चूरू। पुलिस उपायुक्त, क्राइम पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, धौलपुर। पुलिस अधीक्षक, करौली। पुलिस अधीक्षक, एसओजी जयपुर। उपायुक्त पुलिस, जयपुर मैट्रो रेल कॉरपोरेशन जयपुर।

अब पुलिस अधीक्षक, नागौर पद को सुशोभित कर रहे हैं। पुलिस सेवा में तनाव व भागदौड भरे जीवन में भी राजस्थान में टोंगस साब को एक ऐसे आईपीएस अधिकारी है के रूप में देखा जाता है जो अपनी फ्टिनेस के चलते दूसरे पुलिसकर्मियों के लिए आदर्श बने हुए हैं। नागौर से खरनाल तक 20 किलोमीटर की दौर उन्होनें 68 मिनट में पूरी कर जवानों का हौसला बढ़ाया। फ्टिनैस के चलते पुलिस के जवानों के



श्री नारायण टोंगस
एसपी नागौर ( आईपीएस )

लिए मिसाल बन गए है नारायण टोगस सर रोज पाँच से दस किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं अभी हाल ही में। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 6 जून की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- डेनमार्क तथा स्वीडन के बीच 1660 में शांति समझौता हुआ।
- शिवाजी महाराज का 1674 में रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक और साथ ही उन्होंने छत्रपति की उपाधि ग्रहण की।
- भयंकर आग लगने के कारण मोस्को में 1752 को करीब 18,000 जलकर राख हो गए थे।
- नेपोलियन के भाई जोसफ को 1808 में आज ही के दिन स्पेन का राजा बनाया गया था।
- अमेरिका के फिलाडेल्फिया में 1831 में दूसरा राष्टीय काला सम्मेलन हुआ।
- अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट का अधिकार 1916 में दिया गया।
- सन 1918 को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बेलेयू वुड के युद्ध में अमेरिका को पहली जीत मिली।
- फिनलैंड ने 1919 में बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- प्रिकमर्ग गणराज्य पर 1919 में हंगरी की लाल सेना का आक्रमण हुआ।
- ईसवी को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीकी वायु सेना ने जापान के दक्षिणी नगर फ़ोकोला पर बम्बारी करके जापान के विरुद्ध अपना हवाई आक्रमण 1944 में आरंभ किया।
- ईरान गैस पाइप लाइन योजना पर 2005 में भारत और पाकिस्तान में सहमति।

### 6 जून को जन्मे व्यक्ति

- ब्रिटेन के रसायन व भौतिक शास्त्री जोज़फ़ प्रिसली का फ़ील्ड नामक नगर में 1733 को जन्म हुआ।
- एक अवकाश प्राप्त अंग्रेज़ अधिकारी ह्यूम, ए. ओ. का जन्म 1829 में हुआ।
- हिंदी भाषा के साहित्यकार गिरिधर शर्मा नवरत्न का जन्म 1881 में हुआ।
- प्रसिद्ध शायर शौक़ बहराइची का जन्म 1884 में हुआ।
- मिस्र के विख्यात लेखक और साहित्यकार ताहा हुसैन का जन्म 1889 ईसवी को हुआ।
- 'कन्नड कहानी के प्रवर्तक' और 'कन्नड की संपत्ति' के रूप में ख्याति प्राप्त कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, अनुवादक और आलोचक मास्ति वेंकटेश अय्यंगार का जन्म 1891 में हुआ।
- इण्डोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति सुकर्णो का जन्म 1901 में हुआ।
- हिन्दी सिनेमा के एक प्रसिद्ध गीतकार राजेन्द्र कृष्ण का जन्म 1919 में हुआ।
- अभिनेता, राजनेता और समाजसेवक सुनील दत्त का जन्म पश्चिमी पंजाब के झेलम (वर्तमान पाकिस्तान) 1929 में हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा का जन्म 1939 में हुआ।
- हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार वेद प्रकाश शर्मा का जन्म 1955 में हुआ।
- स्वीडिश टेनिस खिलाड़ी जिनको महान टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाने वाले ब्योन बोर्ग का जन्म 1956 में हुआ।

### 6 जून को हुए निधन

- सामाजिक कार्यकर्त्ता कैप्टन अवधेश प्रताप सिंह का निधन 1967 में हुआ।
- कर्नाटक के 8वें मुख्यमंत्री डी. देवराज अर्स का निधन 1982 में हुआ।
- दमदमी टकसाल के प्रमुख, खलिस्तान आंदोलन के नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाले का निधन 1984 में हुआ।
- 'कन्नड कहानी के प्रवर्तक' और 'कन्नड की संपत्ति' के रूप में ख्याति प्राप्त कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, अनुवादक और आलोचक मास्ति वेंकटेश अय्यंगार का निधन 1986 में हुआ।
- भूतपूर्व अमेरिकी राष्टपति रोनाल्ड रीगन का निधन 2004 में हुआ।

## विशेष आलेख

# बातचीत और आपसी संवाद ही एकमात्र विकल्प

## भारत-बांग्लादेश वर्तमान संबंध (सम-सामयिक मुद्दा)

**सुनील कुमार महला**



पिछले कुछ दिनों से भारत और बांग्लादेश में एक-दूसरे के खिलाफ़ प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच हाल के दिनों में विवाद देखा जा रहा है और इस आशय की खबरें लगातार मीडिया की सुर्खियों में आ रहीं हैं। पाठक जानते होंगे कि बांग्लादेश में शेख़ हसीना सरकार के जाने और वहां अंतरिम सरकार के आने के बाद से ही भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध तनाव के दौर से गुज़र रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथी लोग हिंदुओं को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं और उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में हिन्दू आठ प्रतिशत हैं, लेकिन यहां हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यहां तक कि कई मामलों में हत्याएं भी हो रही हैं, ऐसा मीडिया के हवाले से पता चला है। हाल ही में ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भारत के खिलाफ़ प्रदर्शन कर चेतावनी दी थी कि बांग्लादेश में भारत के मंसूबे सफल नहीं होंगे। इधर,त्रिपुरा में बांग्लादेश के उप उच्चायोग में भारतीय प्रदर्शकारियों के घुसने की भी खबरें मीडिया की सुर्खियों में पढ़ने सुनने को मिलीं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार, हिंसा के रवैए को देखते हुए आज भारत में जगह जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश भारत के खिलाफ तो भारत बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। हाल ही में बांग्लादेश अंतरिम सरकार के क़ानूनी सलाहकार आसिफ़ नज़रुल ने कहा कि %बांग्लादेश भारत के 'प्रोपेगेंडा% का मिलकर सामना करेगा। देश सारे मतभेदों से ऊपर है। बांग्लादेश में इस सोच की कोई जगह नहीं है कि ये कमजोर, लाचार और झुका हुआ देश है?।% उल्लेखनीय है कि हाल ही में बांग्लादेश में चार दिसंबर को अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रमुख राजनीतिक दलों की बैठक में देश की संप्रभुता, अस्तित्व, आज़ादी और गरिमा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई गई है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो बर्ताव हो रहा है, वह बहुत ही चिंताजनक है। हमारे देश में अन्य देशों के साथ बांग्लादेश के लोग भी सुरक्षित तरीके से रहते हैं। भारत सभी की सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और शांति, संयम, सद्भाव, सौहार्द में विश्वास करता है। बांग्लादेश में कुछ दिन पहले एक इस्कॉन मंदिर को बंद कराया गया और इसके एक दिन बाद हीइस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश ने चिन्मय कृष्ण दास समेत कई लोगों के एकाउंट को भी फ्रीज कर दिया। बांग्लादेश द्वारा संतों को भी गिरफ्तार किए जाने की खबरें आईं हैं। जिन संतों को बांग्लादेश द्वारा गिरफ्तार किया गया है, वे भी इस्कॉन मंदिर से जुड़े हुए ही बताए जा रहे हैं। इस संबंध में इस्कॉन कोलकाता के एक प्रवक्ता ने कहा है कि इस्कॉन के खिलाफ बांग्लादेश में लगातार घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा है कि वहां दो और हिंदू ब्रह्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इतना ही नहीं,चिन्मय प्रभु के सचिव भी लापता बताए गए हैं। हाल फिलहाल, भारत-बांग्लादेश के बीच जो तनावपूर्ण स्थिति चल रही है,उसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है।भारत और बांग्लादेश दक्षिण एशियाई पड़ोसी देश हैं और आमतौर पर दोनों देशों के बीच संबंध मैत्रीपूर्ण रहे हैं। भारत ऐसा देश रहा है जिसने हमेशा हमेशा से पड़ोसी देशों से मित्रता और सहयोग बढ़ाने को प्राथमिकता दी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख़ हसीना के बीच अनेक द्विपक्षीय मुलाक़ातें हुईं हैं और इससे भारत-बांग्लादेश के संबंधों का ग्राफ़ हमेशा ऊपर चढ़ता रहा है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में शेख़ हसीना पांचवीं बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं थी, और भारतीय पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के कुछ दिन बाद शेख़ हसीना भारत आईं थीं। भारत की अपनी द्विपक्षीय यात्रा के दौरान बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने यह बात कही थी कि, 卐भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, भरोसेमंद दोस्त और क्षेत्रीय साझेदार है और बांग्लादेश-भारत संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। मैं पीएम मोदी को बांग्लादेश आने के लिए आमंत्रित करती हूं।% बहरहाल कहना ग़लत नहीं होगा कि शेख हसीना के दौर में भारत-बांग्लादेश संबंध बहुत ही अच्छे रहे हैं। आसिफ नसरूल का फेसबुक पोस्ट के माध्यम से यह कहना कि % भारत को ये समझना होगा कि ये शेख़ हसीना का बांग्लादेश नहीं है।%, कहीं न कहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर सवाल खड़े करता है। बांग्लादेश को यह समझना होगा कि दोनों देश चार हज़ार किलोमीटर से ज़्यादा लंबी सीमा आपस में साझा करते हैं और दोनों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते रहें हैं। बांग्लादेश की 94 फ़ीसदी सीमा भारत से लगती है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों में बांग्लादेश, भारत के लिए एक बड़ा बाज़ार बनकर उभरा है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच कई अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार भी है।पिछले साल ही दोनों देशों के बीच पहली सीमा पार भारत-बांग्लादेश ऊर्जा पाइपलाइन भी शुरू हुई थी। पिछले कुछ समय में दोनों देशों के बीच रेल कनेक्टिविटी से लेकर बिजली की सप्लाई भी बढ़ी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में ही अखौरा-अगरतला रेल लिंक का उद्घाटन किया गया था, जो बांग्लादेश तथा पूर्वोत्तर को त्रिपुरा के माध्यम से जोड़ता है। दोनों देशों के बीच संबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। हाल फिलहाल जो दोनों देशों के बीच हो रहा है वह ठीक नहीं है। दोनों देशों को पड़ौस की भूमिका को समझना चाहिए। आपसी सौहार्द, सद्भावना, संयम, शान्ति से ही दुनिया में सबकुछ संभव हो सकता है। झगड़ों, आपसी विवाद-फसाद, हिंसा, अत्याचार, एक दूसरे के खिलाफ आक्रोशित बयानबाजी,वैर-भाव से किसी को कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। किसी भी समस्या को सुलझाने के लिए बातचीत और आपसी संवाद ही एकमात्र विकल्प है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**वृष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**तुला**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**वृश्चिक**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**धनु**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मीन**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

अमरूद सहित अन्य फसलों पर जम रही धूल

# भाड़ौती-मखौली सड़क निर्माण 'ढाई दिन चले' 'अढाई कोस '

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** समीपवर्ती भाड़ौती कस्बे के खिरनी मोड़ से ढील बांध नहर से होते हुए कुंडली नदी वाया मखौली तक बन रही सड़क का कार्य धीमी गति से चलने से राहगीरों को परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं होने के साथ ही कृषि उत्पादक किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अमरूदों के पौधों गेहूं सरसों एवं सब्जी पर मिट्टी जमा होने से पौधा विकसित नहीं हो रहा है। संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने से किसान परेशान हैं।



## कछुआ चाल से चल रहा काम

जानकारी अनुसार करीब तीस करोड़ रुपए की लागत से भाड़ौती नहर होते हुए मखौली वाया कुंडली नदी तक बन रही सड़क का निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। जिनकी समय अवधि 22 सितंबर 2023 से 22 जुलाई 2024 तक थी। इसका निर्माण नियति कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किया जा रहा है, लेकिन संवेदक की ओर से सड़क निर्माण में लगे संवेदक द्वारा पुरानी सड़क को खोदकर गिट्टी बिछाए हुए महीनों बीत गए। गिट्टी से गुजरने वाले वाहनों से मिट्टी के गुब्बार उड़कर नहर के पास से निकल रही सड़क मार्ग पर लगे अमरूद के बगीचों एवं किसानों के गेहूं एवं सरसों की फसलों के ऊपर छा रहे हैं। जिसके कारण संवेदक के खिलाफ किसानों में रोष है। किसानों ने बताया कि भाड़ौती मेगा हाईवे की मुय सड़क से होते हुए कुंडली नदी तक सड़क किनारे के दर्जनों किसानों के अमरूद के बगीचों एवं फसल व सब्जियां लगाते हैं। ऐसे में संवेदक द्वारा सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ रखा है।

## छिड़काव भी नहीं हो रहा

संवेदक द्वारा गिट्टी बिछाने के बाद पानी से छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। गिट्टी से गुजरने वाले छोटे दुपहिया वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं, जिससे फिसलकर गिर जाते हैं। वाहनों के टायरों के दबाव से गिट्टी उछलकर दूसरे वाहनों पर लगने कांच आदि फुट जाते है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जल्द ही संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण पर डामरीकरण किया जाए। जिससे फसल में हो रहे नुकसान से बचा जा सके।

अधूरा पड़ा भाड़ौती-मखौली सड़क मार्ग



## अमरूद भी हो रहे प्रभावित

वाहनों के निकलने से धुल के कण उड़कर अमरूद के पेड़ों एवं किसने की फसलों सब्जियों पर छा जाते हैं। जिससे अमरूद के बगीचों में एवं गेहूं सरसों की फसल मिर्च, टमाटर, मटर, खीरा ककड़ी के पौधों में वृद्धि नहीं हो रही है। किसान मीठालाल मीणा, शक्ति सिंह मीणा, शंभू लाल, राम खिलाड़ी मीणा सहित आदि ने बताया कि मिट्टी की परत सबसे अधिक बगीचों फसलों पर जमी हुई है, जिससे पौधे की वृद्धि नहीं होने से पौधा जैसे लगाया था वैसा ही है। वहीं पौधों पर मिट्टी की परत जमने से अमरूदों एवं सब्जियों में रोग पैदा होने की संभावना बनी हुई है। धुल उड़ने से घरों में भी मिट्टी जमा हो रही है।

# बिना हेलमेट निकाली जन चेतना वाहन रैली

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** गृह रक्षा स्थापना सप्ताह के तहत गुरूवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सवाई माधोपुर से होमगार्ड स्वयं सेवकों द्वारा जन चैतना वाहन रैली को कंपनी कमाण्डर करनाराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस रैली में समस्त होमगार्ड बिना हेलमेट लगे लोगों को जागरूक कर रहे थे और जिसकी लोगों में विशेष चर्चा रही!

वाहन रैली होमगार्ड कार्यालय से रवाना होकर कलेक्ट्रट चौराहे होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कंपनी कमाण्डर करनाराम ने बताया कि रैली का उद्देश्य आम जनता में गृह रक्षा विभाग की भूमिका, उनकी सेवा और महत्व के प्रति जागरूकता करना है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवा पीढ़ी को प्रेरित करेंगे कि वे देश की सुरक्षा और समाज में योगदान दे। और रैली द्वारा यातायात सुरक्षा, पर्यायवरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया।

इस मौके पर सहायक प्रशानिक अधिकारी संतोष कुमार गौतम, कनिष्ठ सहायक राजकुमार मीना, एचसीसी मोहन लाल, रवि किशन सहित अन्य स्वंय सेवक मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.W.D DN. ALIGARH**

No: 24972506 Dated:-28.// 2024

**Notice Inviting Bid 08/2024-25**

3 Nos. Bids for Upgradation of Ayush Dispensary & Construction and Development of Studium are invited from interested bidders upto 16.12.2024 Time 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and Public Works department Rajasthan website. The approximate value of the procurement is Rs. 149.84 Lacs.

NIB code PWD 2425A3073
UBN is: PWD 2425 WSOB 11316
PWD 2425 WSO B 11317
PWD243 W3OR11319

**(B. S. Meena)**
**Executive Engineer,**
**P.W.D. Dn. Aligarh**


# इंटरनेशनल डे फॉर एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट वूमेन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** महिला अधिकारिता जयपुर के निर्देश पर 10 दिसंबर 2024 तक 16 दिवसीय इंटरनेशनल डे फॉर एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट वूमेन का आयोजन के तहत गुरुवार को टोंक शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय, गुलजार बाग में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिला अधिकारिता की संरक्षण अधिकारी नेहा जोशी ने बालिकाओं से संवाद कर महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए उपलब्ध कानूनों की जानकारी दी। संवाद में लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता पर चर्चा की गई। भारतीय न्याय संहिता चिंतन पर आधारित न्याय प्रणाली है तथा इसमें दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गई है। यह न्याय संहिता भारतीय लोकाचार को अपने मूल में रखते हुए, नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में बदलाव की प्रतीक हैं। नेहा जोशी ने बताया कि धाराएं 511 से घटा कर 358 कर दी गई है, 20 नए अपराध भी जोड़े जाने के साथ महिला, पुरुष के अतिरिक्त ट्रांसजेंडर वर्ग के विरुद्ध किए गए अपराधों की श्रेणी भी जोड़ी गई है। साथ ही, आज के समय की आवश्यकता के अनुसार नई न्याय संहिता में लाए गई ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर इत्यादि पर भी चर्चा की गई। घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 तथा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक शोषण अधिनियम, 2013 पर प्रकाश डालते हुए, बालिकाओं को आपात स्थिति में ओएससी एवं एमएसएसके जैसे केंद्रों की उपयोगिता की जानकारी भी दी। कार्यशाला में महाविद्यालय की 48 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं को विभाग द्वारा प्रायोजित बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के लोगो की कैप और स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। कार्यशाला में प्रो. महेश कुमार, आचार्य, सहायक आचार्य पीयूष पारीक, राखी सिंह तथा सह आचार्य हाथीराम चौधरी भी उपस्थित रहे। संवाद के अंत में बाल विवाह के विरूद्ध सामाजिक संकल्प के रूप में शपथ ली गई।कार्यशाला में महिला अधिकारिता की पर्यवेक्षक सुमित्रा चौधरी, निवाई से मीरा चौधरी, प्रज्ञा मोटवानी, अरुणा शर्मा, काउंसलर आशा शास्त्री समेत भावना सक्सेना उपस्थित रही।

# सीसीटीवी कैमरे दिखावटी हो रहे साबित दावे खोखले, सरपट दौड़ रही बजरी की ट्रेक्टर ट्रालियां

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** यह तो तब है जबकि जिला मुख्यालय पर सभी मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इसके बावजूद बजरी का अवैध परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। ऐसे में बजरी पर अंकुश लगाने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि जिले में बजरी खनन पर रोक के बाद अवैध खनन का कारोबार तेजी से बढ़ा है। मोटा मुनाफा कमाने के लिए गिरोह बनाकर लोग बजरी के इस अवैध कारोबार से जुड़ रहे हैं। ऐसे में इसे रोक पाना अब पुलिस और प्रशाशन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यह आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**बन रहे जातीय संघर्ष के हालात :** आरोप है कि मलारना डूंगर, कुंडेरा और सूरवाल थाना इलाकों से बहने वाली बनास नदी में अवैध बजरी खनन के कारण गांवो में जातीय संघर्ष के हालात भी बन रहे हैं। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य संघ प्रदेशाध्यक्ष नारंगी मीणा ने जिला कलक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंप कर अवैध बजरी खनन व परिवहन रुकवाने की मांग की है।

**दो गांवों के बीच बन रहे टकराव के हालात :** पंचायत समिति सदस्य संघ की प्रदेश अध्यक्ष नारंगी मीणा ने कलक्टर को पत्र लिख कर बताया कि मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में इन दिनों बजरी का अवैध खनन जोरो से चल रहा है। भूरी पहाड़ी गांव के तन की बजरी को श्यामौली गांव के लोग जबरन खनन कर रहे हैं। ऐसे में दोनो गांवों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में भी इसे लेकर 31 दिसंबर 2009 को दोनो गांव आमने सामने हो गए थे। जिस पर जिला प्रशासन ने मौके पर जाकर रात में बड़ी मुश्किल टकराव को टालते हुए मामले को शांत करवाया था।

**कई बार पुलिस को लिखे पत्र :** भूरी पहाड़ी गांव के तन में अवैध बजरी खनन रोकने के लिए श्रीमती मीणा ने 24 जून 2023 और 20 नवम्बर 2023 को भी पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखे थे, लेकिन बजरी खनन रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। मंगलवार को भी एक बार फिर एसपी को पत्र लिखा है। कार्रवाई नहीं होने से अवैध बजरी खनन और परिवहन से जुड़े गिरोहबंद लोगो के हौसले बुलंद है। यह लोग कई बार पुलिस और प्रशाशन के लोगों पर भी हमला कर चुके हैं। ऐसे खनन क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की जाए। साथ ही अवैध बजरी खनन से जुड़े लोगों के वाहनों को जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाए।

## मिलीभगत के आरोप

नारंगी मीणा ने जिला कलक्टर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से श्यामौली गांव के पास बनासी नदी भूरी पहाड़ी गांव के तन में दर्जनों जेसीबी मशीनों एवं ट्रैक्टरों में लोडर लगा कर रात-दिन बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है। भूरी पहाड़ी के तन में श्यामौली गांव के लोगों को अवैध खनन करने सेरोकने पर अवैध हथियारों का डर दिखा कर जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे दोनों गांवो के बीच तनाव के हालात बन रहे हैं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई**

क्रमांक : 31039 3113 दिनांक : 25/11/2024

**निविदा सूचना संख्या : 04 / 2024-25 खण्ड निवाई**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सड़क / भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए", "बी", "सी", "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code No. :- PWD2425A3016
UBN No. :- PWD2425WSOB11062
UBN No. :- PWD2425WSOB11063
UBN No. :- PWD2425WSOB11064
UBN No. :- PWD2425WSOB11065
UBN No. :- PWD2425WSOB11066

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड निवाई**


# जिला कलक्टर ने भाड़ोती व भारजा नदी में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम पंचायत भाड़ोती व भारजा नदी में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि गांवों में साफ-सफाई रखना प्रत्येक ग्रामीण की जिम्मेदारी है। जनसुनवाई में विद्युत, पंचायतीराज, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके पश्चात् जिला कलक्टर ने सीएचसी मलारना डूंगर, पंचायत समिति उपखण्ड कार्यालय व तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी में वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में होने वाली जांचो के नाम हिन्दी में सदृश्य स्थान पर लिखने व टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने व भूमिहीनो को पट्टा देने हेतु निर्देशित किया।



# बिजली के करंट से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सिरस( का.स. )।** गांव भांवती में खेत पर काम करने गए एक युवक की ट्रांसफार्मर के करंट लग जाने से मौत हो गई। भांवती निवासी सौभागमाल जाट ने पुलिस थाने में दी। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई का पुत्र राजेंद्र उम्र 21 वर्ष मंगलवार की सुबह खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान खेत पर लगे हुए ट्रांसफार्मर में आ रहे करंट की चपेट से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे निवाई निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां से गंभीर अवस्था में उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। जयपुर में महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# राज्य सरकार की वर्षगांठ के आयोजनों को सफल बनाएं : रामरतन सौकरिया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की बैठक गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में एडीएम ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएं। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता एवं सजगता से निभाते हुए सभी कार्यक्रमों को सफल बनाए। एडीएम ने बताया कि 9 दिसंबर को राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट के तहत जिला स्तर पर भी कृषि ऑडिटोरियम में कार्यक्रम होगा। इसके अलावा 12 दिसंबर को रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात जिला मुख्यालय पर जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर समेत सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रोजगार उत्सव, पंच गौरव, जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी एवं जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। एडीएम ने संबंधित नोडल विभागों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, सभी विभागों को समन्वय से कार्य करते हुए आयोजन को बेहतर ढंग से संपन्न करने पर जोर दिया। एडीएम ने बताया कि 13 दिसंबर को जिला स्तर पर किसान सम्मेलन, 14 दिसंबर को महिला सम्मेलन होगा। 17 दिसंबर को जयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य समारोह के क्रम में जिला व पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे। बैठक में सीईओ परशुराम धानका ने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी आमजन से साझा करें। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।




**कार्यालय नगर पालिका, निवाई**

क्रमांक :– न0पा0नि0 / स्टोर / 2024–25 / 7085 दिनांक : 04.12.2024

**नीलामी–सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 के लिए निम्न ठेका सामने अंकित तिथि को सार्वजनिक बोली द्वारा नीलाम किया जावेगा नीलामी / बोली दोपहर 02:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगर पालिका कार्यालय में होगी। उक्त निविदा वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ठेका / नीलामी दिनांक | ठेका अवधि नीलामी की | अमानत राशि | न्यूनतम बोली राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका मुर्दा मवेशी हड्डी, चमडी सम्पूर्ण नगर पालिका क्षेत्र UBN No: - DLB2425SSOB12744 | 17/12/2024 | एक वर्ष के लिए | 800 / – | 40000/- |

नोट :–
1. बोली लगाने से पहले धरोहर राशि एवं स्व प्रमाणित आई.डी. प्रुफ जमा कराना आवश्यक है।
2. सशर्त निविदाए मान्य नही होगीं
3. धरोहर राशि नगद स्वीकार की जावेगी, तत्पश्चात ही बोलीदाता बोली लगाने के लिए अधिकृत होगा।
4. किसी भी विवाद की स्थिति मे न्याय क्षेत्र निवाई होगा।
5. बिना कारण बताय नीलामी के किसी भाग को अथवा समस्त नीलामी प्रक्रिया को अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका निवाई को होगा।
6. शेष शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मे देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

राज.संवाद / सी / 24 / 8710


# विद्युत ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरस( का.स. )।** गांव खलीलाबाद मौजा में चोरों ने माता जी के मंदिर के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका सामान चुराकर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की रात चोर गिरोह ने विद्युत डीपी को खोलकर उसका कीमती सामान चुराकर ले गए। विद्युत डीपी चोरी होने का मालूम लोगों को सुबह मौके पर उसका सामान बिखरा हुआ देखकर लगा। ग्रामीणों ने विद्युत डीपी चोरी की कनिष्ठ अभियंता को सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से विद्युत डीपी चोर गिरोह को पकडने् की मांग की है।

# मोटरसाईकिल चोरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरस( का.स. )।** झिलाय रोड पर स्थित पुराने हीरो होंडा शो रूम के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पीड़ित धन्नालाल माली निवासी जमात ने पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया है। धन्नालाल पुत्र मूलचंद माली ने पुलिस को को बताया कि उसका पुत्र आशु बुधवार की सुबह पुराने हीरो होंडा शोरूम के बाहर मोटरसाईकिल को खड़ा कर काम पर चला गया था। दोपहर करीब 12:30 बजे जाकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। आस-पास तलाश की लेकिन मोटरसाइकिल का कहीं भी पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज करके चोरो की तलाश कर रही है।

# रणथंभौर में भी राइजिंग राजस्थान का असर : कार्यशाला रहेगी बंद

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राइजिंग राजस्थान का असर अब रणथंबोर में भी नजर आ रहा है, वह भी जब रणथंभौर में वर्तमान में पर्यटन सीजन पीक पर है। गौरतलब है कि दिसम्बर माह में शीतकालीन अवकाश और नया साल होने के कारण रणथम्भौर में देशी विदेशी पर्यटकों की आवक भी अधिक रहती है।

लेकिन इस बार रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में 7 से 12 दिसम्बर के बीच करंट ऑनलाइन बुकिंग को बंद कर दिया गया है। वन विभाग सूत्रों के अनुसार राइजिंग राजस्थान के चलते करंट ऑनलाइन बुकिंग को बंद किया है। इसे 13 दिसम्बर से शुरू किया जाएगा।

**डेलीगेट्स जा सकते हैं पार्क भ्रमण पर :** वन अधिकारियों ने बताया कि 7 से 12 दिसम्बर तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया जाना है। इसमें देशी-विदेशी उद्योगपति शिरकत करेंगे। इस दौरान कई बड़े डेलिगेटस का रणथम्भौर पार्क भ्रमण का कार्यक्रम बनने की संभावना है।

## करंट ऑनलाइन बुकिंग 7 से 12 दिसंबर तक नहीं होगी

**प्रतिदिन 52 वाहन रहेंगे रिजर्व :** राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान रणथम्भौर में पार्क भ्रमण पर आनेवाले डेलिगेटस को भ्रमण कराने के लिए वन विभाग की ओर से 7 से 12 दिसम्बर तक की दोनों पारियों को मिलाकर 52 पर्यटन वाहनों को रिजर्व में रखा गया है। इसमें प्रति पारी करंट ऑनलाइन में 16 कैंटर और स्पेशल श्रेणी की दस जिप्सियों को रिजर्व में रखा गया है। ऐसे में प्रति पारी 26 वाहन और दोनों पारियों में कुल मिलाकर 52 वाहनों को रिजर्व किया गया है। राइजिंग राजस्थान समिट के कारण करंट ऑनलाइन और वीआईपी कोटे के के दोनों पारियों को मिलाकर 52 वाहनों को डेलिगेटस के लिए रिजर्व किया गया है। ऐसे में 7 से 12 दिसम्बर तक करंट ऑनलाइन व वीआईपी कोटे में बुकिंग नहीं होगी। 12 दिसम्बर के बाद फिर से इसे शुरू किया जाएगा।

**प्रमोद कुमार धाकड़,**
**उपवन संरक्षक ( पर्यटन ),**
**रणथम्भौर बाघ परियोजना**


बेटी है वरदान, इसका करो सम्मान

**कार्यालय, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, टोंक**
**द्वितीय तल, सर्किट हाऊस के पास टोंक**

Phone– 01432–294552 Email id :-tonk.we@rajasthan.gov.in

क्रमांक : MSSK/2024-25/945 दिनांक – 27/11/224

**विज्ञप्ति**

पुलिस सर्किल जिला मुख्यालय महिला पुलिस थाना टोंक / पुलिस सर्किल निवाई / मालपुरा / उनियारा / देवली / पीपलू में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र संचालन हेतु महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र नियमन एवं अनुदान योजना (संशोधित) – 2024 दिनांक 27.11.2024 के नियम 6 (1) एवं नियम 7 में वर्णित पात्रता धारी गैर सरकारी संस्थाओं से दिनांक 12.12.2024 को सांय 5.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन निर्धारित तिथि एंव समय तक कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता टोंक में जमा कराये जा सकते है। इससे संबंधित आवेदन प्रपत्र, पात्रता की शर्ते तथा अधिसूचना विभागीय वेबसाइट www.wcd.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE - WMP242540199
BID WBN - Wmp 2425SLOB00205

**सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग टोंक ( राज. )**

# नानोडी धाम में आज होगी भगवान राम जानकी विवाह पंचवी उत्सव की धूम

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** नानोडी धाम नजदीक कोर्ट परिसर बहरोड़ में आज भगवान राम जानकी विवाह पंचवी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी जानकारी देते हुए महंत श्री रघुनंदन दास ने बताया कि भगवान राम जानकी विवाह की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में भव्य सजावट की गई है। सुबह सात से नो बजे तक बाल भोग, दोपहर 12 से 2 बजे तक महाप्रसादी कार्यक्रम होगा, शाम को भगवान राम बारात का मंदिर कमेटी व ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा । उसके बाद भगवान राम व जानकी का वरमाला कार्यक्रम शाम सवा सात बजे होगा। उसके बाद रात्रि भोज होगा। जिसकी मंदिर कमेटी ने जोरदार व्यवस्था की है।

**जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू ।।**
**सो तेहि मिलइ न कछु संदेहू ।।**



# कृषि विश्वविद्यालय मे विश्व मृदा दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय,जोबनेर केअन्तर्गत कृषि महाविद्यालय द्वारा विश्व मृदा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुशिला ऐचरा, मृदा वैज्ञानिक ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संध ने वर्ष 2002 में हर वर्ष 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस मनाने की सिफारिश की थी। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस 2024 की थीम मिटटी की देखभाल, माप, निगरानी व प्रबन्धन रखा गया हैं। डॉ. ऐचरा ने कालेज की मृदा प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार की मिटटीयों, चटटानों व खनिजों का म्यूजियम बनाने का आश्वासन दिया। डॉ. डी.के. बैरवा, सहायक निदेशक, छात्र कल्याण ने मृदा व जलवायु परिवर्तन पर प्रकाश डाला। डॉ. विष्णु शंकर मीना,राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से मृदा संरक्षण के प्रति गाँवों में जागरुकता फैलाने को कहाँ।कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने कहाँ कि मृदा हमारी माँ हैं इससे ही जीवन हैं। रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से हमारी मृदा बीमार हो रही हैं। इससे मानव, जानवर व जल के जीवों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं।कार्यक्रम के अन्त में डॉ. नीरज कुमार मीना ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. नीरज मीना, डॉ. प्रवीण पिलानियाँ, दीपक सैनी, चेतना, विजय सिंह यादव, अजय, सुमन, सचिन कुमार, एवं सरजीत इत्यादि उपस्थित थे।



## खबर का असर

# स्टेट हाईवे पर गंदगी जल भराव की समस्या को लेकर लोगों की शिकायत पर पहुंचे आरएसआरडीसी के अफसर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** स्टेट हाईवे पर गंदे जल भराव की समस्या को 2 दिसंबर को दैनिक बढ़ता राजस्थान में खबर चली थी कि सड़क पर गंदे पानी के जल भराव से आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं और आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। जिसका असर आज देखने को मिला। हिंडौन-भरतपुर स्टेट हाइवे पर रीको एरिया के सामने पिछले काफी समय से बनी गंदे जलभराव की समस्या का समाधान होने की उम्मीद जगी है। लोगों की लगातार शिकायतों के बाद सड़क निर्माण कंपनी ऋस्त्रश्वष्ट और क्ष॥श्वष्ठ के अफसरों ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने जलभराव की निकासी के लिए सड़क सहारे जेसीबी से फौरी तौर पर अस्थाई नाली खुदवाई। इसके अलावा पीएचईडी ने सड़क सहारे पाइप लाइन में हो रहे लीकेजों को भी दुरुस्त किया। अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों के साथ वार्ता कर स्थाई समाधान के लिए नाला निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया। व्यापारियों ने अधिकारियों से जल्द नाला निर्माण कराए जाने की भी मांग रखी, ताकि समस्या का स्थाई तौर पर निराकरण हो सके। गौरतलब है कि स्टेट हाइवे निर्माण के दौरान आरएसआरडीसी की ओर से नाला नहीं बनाया गया था। जिसकी वजह से आसपास की दुकानों और घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क पर इकट्ठा होता है इससे सड़क खराब होने के साथ ही आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। करीब एक साल पहले गंदे जलभराव में बाइक फिसलने से बाइक सवार महिला की मौत तक हो चुकी है।

आरएसआरडीसीके एईएन अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि लोगों की समस्या जायज है जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द ही नाला निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए मौका निरीक्षण किया गया है। अस्थाई राहत के लिए फिलहाल जेसीबी से सड़क के सहारे नाली खुदवाई गई है। जिससे कि पानी सड़क के बीच में नहीं भरे।



# मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

## तैयारियों को लेकर हुई बैठक, गांवों-शहर में संपर्क करने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर 15 दिसंबर को भजन फाउंडेशन के बैनर तले बयाना सीएचसी में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होगा। कैंप की तैयारियों को लेकर गुरुवार को वैर रोड स्थित प्रेम पैलेस मैरिज होम में फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने टोलियां बनाकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रक्तदान करने के इच्छुक लोगों विशेषकर युवाओं से संपर्क कर उनकी सूची तैयार करने की बात कही। वहीं आमजन में रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर करने को कहा। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों और कॉलेज छात्र-छात्राओं से संवाद कर रक्तदान का महत्व बताने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करके हम ब्लड बैंकों में जरूरतमंद मरीजों को आने वाली खून की कमी को पूरा कर सकते हैं। बैठक में किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मसिंह चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढवार, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमन धाकड़, पूर्व विधायक ग्यारसाराम कोली, पूर्व जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा, नरेश सैन, गौरव शर्मा, जगमोहन खटाना, राजेंद्र दमदमा, रोनू उपाध्याय, पार्षद डॉ शैलेंद्र गुर्जर, भगवान स्वरूप शर्मा, दिनेश महलोनी, प्रदीप आर्य, पार्षद नरेश बारैठा, रूपकिशोर सेजवाल, मानसिंह धाकड़, अजय, उदयभान शर्मा, प्रेमशंकर तिवारी, दीपक जांगिड़, गोवर्धन सिंह, कुलदीप सोलंकी आदि कई लोग मौजूद रहे।



# बीसीएमओ ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

## ग्राम पंचायत बनेठी में जनसुनवाई में लिया भाग, उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार सघन निरीक्षण अभियान के तहत गुरूवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर व बीपीओ विजय तिवाड़ी ने एमसीएचएन दिवस का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक गुरूवार को सीएचसी, पीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर एमसीएचएन दिवस मनाया जाता है। जिसमें बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के टीके व जाँच की जाती है। ताकि मातृ-मृत्यु एवं शिशु मृत्यु में कमी लाई जा सकें और बच्चों को निरोगी बनाया जा सकें। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनमं उप स्वास्थ्य केन्द्र खेडकी वीरभान, रायकरणपुरा, छारदड़ा, सुन्दरपुरा, रामगढ़ व पीएचसी बखराना एवं सीएचसी बनेठी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र सुन्दरपुरा एवं रायकरणपुरा बन्द पाया गया। वहीं बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने ग्राम पंचायत बनेठी में जनसुनवाई में भाग लिया। उन्होंने उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की जानकारी देते हुये बताया कि एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित ना रहे। साथ ही एनिमिया मुक्त भारत की चर्चा करते हुये कहा कि स्वास्थ्य टीम गांव, ढ़ाणी में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर रही है, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य सही रहे। निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित मिले कार्मिकों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिये गये। इस दौरान कायाकल्प कार्यक्रम, एनसीडी की रिपोर्ट एवं फॉलोअप, आभा आई.डी., ई.के.वाई.सी., साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण, वार्ड समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही दवा स्टोर को सुव्यवस्थित करने एवं एक्सपायरी दवाई को हटाने के निर्देश प्रदान किये गये।



# विधिक शिविर में सामाजिक बुराइयों को खत्म करने पर दिया बल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे गोपाल सैनी के निर्देशन में पंचायत समिति गोविंदगढ़ के इब्तिदा संस्था गोविंदगढ़ में दहेज,जातिगत भेदभाव,कन्या भ्रूण हत्या और अन्य प्रचलित सामाजिक बुराईयों को खत्म करने के लिए कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी अनिल कुमार बताया कि विशेष बुराईयों के दुष्परिणामों तथा उन्हें समाप्त करने के उपाय बताये। भारत के संविधान में अनुच्छेद 15 में कहा गया है। कि राज्य किसी भी नागरिक के खिलाफ केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव नहीं होगा आज सरकार व प्रशासन उनके साथ है। आप अपने समाज से दहेज का विरोध करें। अगर शादी में दहेज की बात कही जाती है। तो उसकी शिकायत थाने में करें नालसा के हेल्पलाइन 15100 पर कर सकते हैं। इस पर कार्रवाई होगी। दहेज मुक्त समाज तभी संभव हो सकता है। जब जनमानस इसका विरोध करे। बालविवाह नहीं कर ना होने दे इस कि सूचना प्रशासन को दे। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार की घोषणा करता है। अनुच्छेद 51 (द्र) महिलाओं के प्रति अपमानजनक प्रथाओं के त्याग की व्यवस्था भी करता है। जन्म-पूर्व परीक्षण तकनीक (दुरुपयोग का नियमन और बचाव ) अधिनियम, 1994 के तहत अधिनियम गर्भाधान पूर्व लिंग चयन तकनीक को प्रतिबंधित किया है। लिंग परीक्षण अपराध के दायरे में आता है। इस दौरान पीएलवी अनिल कुमार, सखी पूजा, लक्ष्मी ,मूलचंद सैनी, मन्ना लाल,रामवीर विभिन्न गांवों कि महिलाएं उपस्थित मौजूद रहीं।



# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राष्ट्रीय महासचिव से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से देश की राजधानी दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान राजस्थान में हाल ही में हुए उपचुनाव परिणाम और लोकसभा सत्र की कार्यवाही सहित विभिन्न मसलों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने और निकाय चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। जूली ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से सुखद मुलाकात के बाद अब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी आगामी चुनाव में विशेष रणनीति के तहत भारतीय जनता पार्टी के चक्रव्यूह को भेदने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार सरकारी एजेंसियों और मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है लेकिन आगामी चुनाव में ऐसा नहीं होगा क्योंकि अब कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को हम संगठन की दृष्टि से विशेष प्रशिक्षण दिलवाकर उनके मंसूबों को नाकामयाब करेंगे।

### प्रदेश के कांग्रेस सांसदों ने की मुलाकात

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा से राजस्थान प्रदेश के कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने दिल्ली के राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद मुरारी लाल मीणा, भजनलाल जाटव और हरीश मीणा शामिल रहे। इस दौरान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा उपस्थित रहे।



# भरतपुर 6 राज इंडिपेंडेट एन सी सी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.) ।** भरतपुर 6 राज इंडिपेंडेट एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दस दिवसीय कार्यक्रम धूम धाम के साथ एन सी सी कमान अधिकारी भरतपुर कर्नल जेम्स दत्ता रॉय के सानिध्य में 5 दिसंबर को समापन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी समूह मुख्यालय कोटा से कर्नल ए के गुप्ता रहे,भरतपुर एन सी सी कमान अधिकारी जेम्स दत्ता रॉय ने कहा कि गुरुवार को एन सी सी शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ,10 दिनों में राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से आए कैडेट, जिनमें भरतपुर, धौलपुर, हलैना - सरसेना, अलवर, करौली और कोटा शामिल हैं, श्री रांगेय राघव कॉलेज वैर के परिसर में शिविर आयोजित किया गया। कर्नल जेम्स दत्ता रॉय के कहा कि शिविर के दौरान कैडेटों ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लिया जिसमें हथियार प्रशिक्षण, जीवन रक्षक कौशल, आपदा राहत, उत्तरजीविता कौशल आदि शामिल थे। उन्होंने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, रस्सा कस्सी आदि जैसी कई प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया, गीत और नृत्य की एक रंगीन प्रस्तुति भी आयोजित हुई, कैडेट सभी सफल लोगों को पुरस्कार और पदक से पुरस्कृत करने से पहले कैंप कमांडेंट कर्नल जेम्स दत्ता रॉय और कैंप के दूसरे कमांड सूबेदार अजीत सिंह ने सभी योग्य कैडेटों को उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जो उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से अर्जित किए हैं। ग्रांड फाइनल एक शानदार कैंप फायर था, जिसमें सभी कैडेट्स कैंप फायर के आसपास लोकप्रिय गानों की धुन पर नाच रहे थे। इस मौके पर एन सी सी कमान अधिकारी भरतपुर कर्नल जेम्स दत्ता रॉय,वर्षा कुशवाह जी सी आई,अजीत सिंह सूबेदार, राजकुमार हवलदार, लेफ्टिनेंट पप्पू लाल मीणा,लेफ्टिनेंट मनोज कुमार मीणा, थर्ड ऑफिसर राशिद खान,प्राचार्य बालकृष्ण शर्मा, रामवीर सिंह डी पी एम, हवलदार सर्वेश, सतीश हवलदार,रामकिशोर हवलदार इत्यादि मौजूद रहे ।

सर्दी की आहट के साथ ही कम्बल वितरण हुआ शुरू

# नेक कार्य मे आगे आने लगे समाजसेवी

## डॉ.श्रॉफ हॉस्पिटल में हॉस्टल की छात्राओं को किया कम्बल भेंट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरुवार को डॉ श्रॉफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल में हॉस्टल में रहने वाली नर्सिंग की छात्राओं के लिए दानदाताओं की ओर से निशुल्क कंबल वितरण किए गए। कार्यक्रम में बतौर अध्यक्षता यातायात पुलिस के थाना प्रभारी हरिओम मीना ने की ।जानकारी के अनुसार डॉक्टर श्राफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल में सर्दी को देखते हुए नर्सिंग करने वाली छात्राओं के लिए समाजसेवीका सारिका अग्रवाल ने कंबल बांटे। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी और डॉक्टर श्रॉफ चैरिटेबल हॉस्पिटल के स्टाफ और एडमिनिस्ट्रेटर योगेश यादव मौजूद रहे । डॉक्टर श्राफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेटर योगेश यादव ने बताया कि यह एक सराहनीय प्रयास है दानदाताओं द्वारा संस्था को मदद कर हमारे सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं ।हम दानदाता सारिका अग्रवाल का तहे दिल से आभार प्रकट करते हैं डॉक्टर श्रॉफ चैरिटेबल आई हॉस्पिटल गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए व अंधता निवारण का एक बड़ा नाम बन चुका है ऐसे में जो दानदाता संस्था की मदद करते हैं संस्था उनके लिए आभार प्रकट करती है।

# अज्ञात कारणों से 20 ट्रोली कड़ब में लगी आग

## दमकल ने ग्रामीणों की मदद से 1 घंटे में पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** गांव पिचूना में पेट्रोल पंप के सामने खाली जमीन में रखी कड़ब में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे तीन जनों की 20 ट्राली कड़ब जलकर राख हो गई। सूचना पर उच्चैन से धुंआ दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उच्चैन नगर पालिका के फायरमैन रामअवतार व मनीष कुमार ने बताया कि गांव पिचूना निवासी गोपाल, देवीसिंह व वासुदेव कुशवाह की पेट्रोल पंप के सामने खाली पड़ी जमीन में करीब 20 ट्राली कड़ब रखी हुई थी।मंगलवार दोपहर को कड़ब में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटों व धुंआ को देखकर ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना पर उच्चैन नगर पालिका की दमकल ने मौके पर पहुंचकर एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक 20 ट्राली कड़ब जलकर राख हो गई। इस आगजनी की घटना में करीब एक लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।



# विश्व मृदा संरक्षण दिवस पर मंगलम विद्या विहार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** मंगलम विद्या विहार में विश्व मृदा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को मृदा संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवेकानंद मानिक राव (आईएफएस) और योगेश गुप्ता ने छात्रों को प्रेरणादायक विचारों से संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हुई। अपने संबोधन में योगेश गुप्ता ने मृदा के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मृदा हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए कितनी आवश्यक है। विवेकानंद मानिक राव ने भूमि क्षरण के गंभीर परिणामों और पृथ्वी को बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे प्रमिला गोदारा ने प्रस्तुत किया। यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल जानकारीपूर्ण रहा, बल्कि उन्हें मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक और प्रेरित भी किया।

# चेचत क्षेत्र के फाणदा गांव में मेघवाल समाज की बैठक का किया आयोजन विनोद कुमार मेघवाल हत्याकांड को लेकर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** गुरुवार को चेचत क्षेत्र के फाणदा गांव में मेघवाल समाज की बैठक का आयोजन बाबा रामदेव जी मन्दिर परिसर में किया गया । बैठक में मृतक विनोद कुमार मेघवाल पिता गोपाल लाल मेघवाल रेन खेड़ा हत्याकांड मामले को लेकर चर्चा की बैठक में सभी समाज बंधुओ द्वारा मृतक की हत्या को तीन दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारों का पुलिस द्वारा कोई सुराग नहीं लगने पर मेघवाल समाज में भारी रोष जताया । इसी संदर्भ में मेघवाल समाज द्वारा सामूहिक निर्णय लिया गया कि आज से 3 दिन के अंदर हत्यारों का खुलासा नहीं होता है तो मेघवाल समाज द्वारा 9/12/2024 को समय 11ः00 बजे उपखंड कार्यालय रामगंज मंडी पर प्रदर्शन किया जाएगा जिस पर सभी ने सहमति जताई । जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) द्वारा दी गई ।

# कांग्रेस सरकार व भाजपा सरकार सफाई कर्मचारी भर्ती के नाम पर वाल्मीकि समाज को दे रही धोखा : पंवार

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र पंवार(बंजी) ने बताया की 185 नगर निकायों में 23820 पदों पर सफाई कर्मचारी भर्ती होने वाली थी जिसको राज्य सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया बार9बार भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने से वाल्मीकि समाज के लोग सरकारी नौकरी से वंचित हो रहे युवा प्रकोष्ठ के नरेन्द्र पंवार(बंजी) ने कहा की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी वोटो की राजनीति के लिय वाल्मीकि समाज को करीब 3 साल तक धोका दिया अब भाजपा सरकार का 1 साल पूर्ण होने जा रहा है तो इस सरकार ने भी सक्षम अधिकारी के अनुभव प्रमाण की शर्त रखकर सफाई कर्मचारी भर्ती को निरस्त कर दिया जो वाल्मीकि समाज के साथ बहुत बड़ा धोका है जो वाल्मीकि समाज के लोगो के मुंह से रोटी का निवाला छीनने के बराबर है पंवार ने कहा की जब वाल्मीकि समाज के लोगो को सरकारी रोजगार देना ही नही था तो दोनो सरकारों ने सफाई कर्मचारी भर्ती क्यों निकली जब भी भर्ती प्रक्रिया चालू हुई तब तब वाल्मीकि समाज का एक9एक गरीब परिवार कर्ज़ में डूबाता गया कभी ऑनलाइन फॉर्म भरने के टोकन के नाम पर,कभी नया डिजिटल जाति प्रमाण पत्र,मूलनिवासी प्रमाण पत्र के नाम पर और कभी अनुभव प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर और इस बार तो अनुभव प्रमाण पत्र बनाने के लिय वाल्मीकि समाज के लोगो ने 30935 हजार रुपए खर्च किए हे उसके बाद भी वाल्मीकि समाज के लोगो कोई रोजगार प्राप्त नहीं हुआ ऐसा लग रहा है कि वाल्मीकि समाज को सफाई कर्मचारी भर्ती के नाम पर ठगा गया हो पंवार ने वाल्मीकि समाज के लोगो से प्रेस नोट जारी कर अपील की है अगर राज्य सरकार द्वारा जल्द ही 100त्न वाल्मीकि समाज की शुद्ध सफाई कर्मचारी भर्ती व अनुभव प्रमाण पत्र में शीतलता नही की गई तो आने वाले पंचायती राज्य चुनाव ,नगर पालिका चुनाव और राज्य सभा चुनाव आदि में कांग्रेस व भाजपा दोनो पार्टियों को वाल्मीकि समाज के मतदाताओं द्वारा चुनाव का बहिष्कार करके दोनो ही पार्टियों को अपना वोट नही देना चाहिए।

# स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाड़ा शिविर 9 दिसम्बर तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** नगर निगम कोटा दक्षिण की ओर से पीएम स्वनिधि के तहत 'स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाड़ा शिविर 9 दिसम्बर तक सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक दक्षिण निगम के प्रशासनिक भवन के कमरा नंबर 405 में किया जाएगा। दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि शिविरों के तहत बैंकों में लंबित स्वीकृत ऋणों का वितरण एवं लंबित आवेदनों की स्वीकृत जारी कर और आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप नए आवेदन पत्र बैंकों को भिजवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत पीएम स्वनिधि के समस्त लाभार्थियों की सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाइलिंग भी करवाई जा रही है। स्वनिधि से समृद्धि के तहत पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों एवं उनके परिजनों को जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम सुरक्षा बीमा, ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, मातृ वंदन योजना, बीओसीडब्ल्यू के तहत पीएम स्वनिधि पोर्टल पर पंजीकरण भी शिविर में किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे के बीच अतिक्रमण और जाम की समस्या बनी चुनौती

## दुकानदारों ने मुख्य मार्गों का सौंदर्यकरण किया, लेकिन अतिक्रमण ने बिगाड़ा रास्तों का हाल

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** कस्बे में लगातार हो रहे सड़क हादसों से कस्बे सहित क्षेत्र की सड़कें लाल हो रही हैं। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता कि सड़क दुर्घटना नहीं होती हो । कस्बे के कोटा बारां, अस्पताल का मुख्य रोड सड़कों पर अतिक्रमण से अटा पड़ा रहता है। आधी सड़क तक अतिक्रमण होने से वाहनों के आने-जाने में परेशानी होती है और प्राय: यहां जाम लगा रहता है। कई बार इसको लेकर स्थानीय दुकानदार और वाहन चालकों के बीच विवाद के बाद मारपीट की नौबत आ जाती है। जाम लगने से लोगों का काफी समय अनावश्यक खर्च होता है। सड़कों के अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार अभियान चलाया गया, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकल सका।

**सड़क हादसे और जाम से हो रही दुर्घटनाएं :** कस्बे में लगातार हो रहे सड़क हादसे और जाम की समस्या लोगों की जिंदगियों को खतरे में डाल रही है। वाहन खड़े होने के बेतरतीब तरीके से जगह-जगह जाम लग जाता है, जिससे आम जनता को समय और सुरक्षा का नुकसान हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों और वाहन चालकों के बीच आए दिन विवाद भी बढ़ रहे हैं, और कई बार मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

**अतिक्रमण और रोड पर अवैध कब्जे का बढ़ता दबाव :** मुख्य सड़कों पर दुकानदारों ने अपनी दुकान के आकार से कहीं अधिक स्थान पर सामान फैलाकर रास्ते को बाधित कर दिया है। बाजारों, मुख्य मार्गों और गलियों में अतिक्रमण अब नासूर बन चुका है, जो दिन-ब-दिन विकट होता जा रहा है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है।

**जनता की परेशानियां बढ़ रही हैं, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है :** कस्बे में आने-जाने वाले लोग इन समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। पार्किंग की कमी, जाम की स्थिति और दुकानदारों का अवैध कब्जा आम जनता के लिए सिरदर्द बन चुका है। वहीं, प्रशासन और नगर पालिका के कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण यह स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है।

### नजरें नीची कर अधिकारियो की गाड़िया मुख्य मार्ग अस्पताल रोड़ मेन बाजार मे निकलती फर्राटेदार




### अतिक्रमण हटाने की कोशिशों के बावजूद समस्या बरकरार

कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी तिराहे पर अतिक्रमण हटाने की कोशिश की गई थी, और कुछ सुधार भी दिखे थे, अब फिर से वहां ठेले और गाड़ियों का कब्जा जमा हुआ है। समोसे और कचोरी वालों ने फिर से सड़क पर अपनी दुकानें लगा दी हैं, जिससे जाम की समस्या और बढ़ गई है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है।

# अजय शर्मा को बनाया भाजपा बूथ अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला 2024 के तहत बूथ अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में बूथ समिति की बैठक नामदेव मन्दिर परिसर पर रखी गई जहां अभियान संयोजक, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शहर मण्डल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला मैं मंडल अध्यक्ष ने भाजपा की कार्यपद्धति, बूथ संरचना को व्यक्त किया साथ ही बताया कि बूथ अध्यक्ष वहीं होगा जो पार्टी का सक्रिय सदस्य होगा। इसी के साथ मंडल उपाध्यक्ष कैलाश निरखी ने सक्रिय सदस्य अजय शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसमें सर्व सम्मति से अजय शर्मा को बूथ संख्या 245 का अध्यक्ष, आयुष नामा को बूथ मंत्री नियुक्त किया।अंत मैं शर्मा ने पार्टी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष गौरव मलिक, जिलामंत्री पवन चौहान, नंदप्रकाश खारवाल, चौथमल नामा, शंभु दयाल श्रृंगी, कैलाश निरखी, पार्षद भानुप्रकाश नामा, दिनेश सेन, पूर्व पार्षद आशीष बिरला, दिनेश नामा, मनोज मलिक, महावीर शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, देवकीनंदन शर्मा, अजय मालव, भुवनेश शर्मा, सुधांशु सोनी, मानसिंह गुर्जर, हरि नामा सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# अरबन बैंक निदेशक मंडल की बैठक संपन्न

## ऋण वसूली के लिए कुर्की कार्यवाही कर कठोरता बरतने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बैंक अध्यक्ष डॉ. आई. एम. सेठिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे एनपीए व अतिदेय ऋण खाते में वसूली के लिए कुर्की जारी कर वसूली अभियान में कठोरता बरतने के साथ ही मार्च समाप्ति तक व्यावसायिक लक्ष्य अर्जित करने के प्रयासों में स्टॉफ की भूमिका, ऑडिट अनुपालन समयबद्ध करने, विभिन्न प्रचलित नीतियों पर विशेष करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के अनुसार निदेशक सीए दिनेश कुमार सिसोदिया, राधेश्याम आमेरिया, बाल किशन धूत, वृद्धिचन्द कोठारी, कल्याणी दीक्षित, बाबर मल मीणा, सीए दिप्ती डाड सेठिया, सीए नितेश सेठिया, प्रबन्धन मण्डल सदस्य आदित्येन्द्र सेठिया के सानिध्य में सम्पन्न बैठक में ऋण स्वीकृतियों के साथ ग्राहक सेवा, सुरक्षा व्यवस्था एवं संगामी लेखा परीक्षण की अनुपालना इत्यादि की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बेगूं में नवीन परिसर में शाखा स्थानान्तरण की कार्यवाही का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में एनपीए खातों एवं अतिदेय वसूली के लिए धारा 99-100 के अधिकारों के तहत् कुर्की वारन्ट जारी करने के अधिकारों का कठोरतापूर्वक प्रयोग कर ऋण वसूली अभियान में तीव्रता लाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में ब्लू बैंकों अवॉर्ड के लिए नामित होने पर भी हर्ष व्यक्त किया गया जो आगामी दिनांक 27.01.2025 से 29.01.2025 में लोनावाला में प्रदान किया जायेगा। बैठक का संचालन प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने किया एवं आभार सीए दिनेश कुमार सिसोदिया ने व्यक्त किया।

# जे. के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा प्लान्ट का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव

## दिनांक 06 दिसम्बर को विशाल अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ के साथ होगा शुभारम्भ

### काशी से पधारे 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 06 दिसम्बर से प्रतिदिन होगा विधिवत यज्ञ एवं मन्त्रोच्चारण

### दिनांक 12 दिसम्बर को पूर्णाहुति में श्रीनाथजी मन्दिर नाथद्वारा के तिलकायत श्री पूज्यपाद 108 विशाल बाबा होगें शामिल

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा की जे. के. सीमेन्ट ईकाई की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य उत्सव का आयोजन निम्बाहेड़ा में होगा । निम्बाहेड़ा एवं मांगरोल इकाई के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने बताया कि सिघांनिया परिवार वर्ष 1974 में निम्बाहेड़ा आये और निम्बोड़ा नगर को ही अपना परिवार बना लिया। सीमेन्ट निर्माण के क्षेत्र में सिंघानिया परिवार ने 1974 में निम्बाहेड़ा प्लान्ट की शुरूआत 0.8 मिलीयन टन प्रतिवर्ष की क्षमता के साथ शुरुआत की, जो आज जे. के. समूह की निर्माण की कुल क्षमता 24 मिलीयन टन प्रतिवर्ष तक पंहुच गयी है। निम्बाहेड़ा इकाई के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 07 दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जो कि भारतीय परम्परा और उल्लास का विशिष्ठ संगम बनेगा । इस इकाई के गौरवपूर्ण क्षण एवम् कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिये समूह के चैयरपरसन सुशीला सिंघानिया, वाईस चैयरमेन डॉ. निधिपति सिंघानिया, विधि सिंघानिया, प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया, उप प्रबन्ध निदेशक माधवकृष्ण सिंघानिया एवं सिंघानिया परिवार की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

इसी के साथ क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक एवम् राजनेतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तीयाँ इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से 12.30 बजे तक यज्ञ होगा,जिसमें आचार्य श्री त्रिलोकीनाथ जेटली जी के सानिध्य में समस्त जन कल्याण एवम् विश्व शान्ति की कामना के लिये 2.5 लाख आहुतियों से यज्ञ होगा। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जे. के.सीमेन्ट निम्बाहेड़ा इकाई और जे. के. समूह सदैव अपनी उपस्थिति सशक्त माध्यम के रूप में प्रदर्शित करता रहा है, जिसमें मुख्य रूप से युवाओं के कौशल विकास के लिये आई.टी.आई. की स्थापना, गांव में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये प्रशिक्षित करना, दिव्यांग व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये नि: शुल्क उपकरण वितरण, पशुधन संमवर्धन कार्यक्रम, सरकारी स्कूलो का नवीनीकरण एवम् विकास, आंगनवाड़ीयों को गोद लेकर संचालित करना, निम्बाहेड़ा नगर में जे. के. कर्स्ट हॉल की स्थापना, गांवों में सामुदियक भवनो एवम् सड़कों का निर्माण व पेयजल की सुविधा प्रदान करना एवम् पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से नियमित रूप से पौधारोपण कार्यक्रम संचालित कर समूह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी भूमिका का निर्वाहन करने के लिये प्रतिबद्ध है। मनीष तोषनीवाल ने अधिक से अधिक संख्या में आमजन से इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को और अधिक उर्जावान और सशक्त बनाने का आग्रह किया है।

# अस्पताल पसिर का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## 15 दिसंबर से लगने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ केम्प को सफल बनाने के दिए दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी अलोद और उप स्वास्थ्य केंद्र बड़ोदिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी परिसर का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सीएचसी पर कार्यरत स्टाफ, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं परिसर में संचालित सभी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सामर ने बताया कि आज उन्होंने सीएचसी अलोद और उप स्वास्थ्य केंद्र बड़ोदिया का आकस्मिक निरिक्षण किया इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को वार्ड में भर्ती मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक एक-दूसरे के साथ समन्वय बैठाकर कार्य करें। हर स्वास्थ्यकर्मी को अपने काम के साथ अन्य कामों में भी दक्ष होना चाहिए ताकि अस्पताल में किसी तरह की अव्यवस्था ना हो। इस दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों, एनसीडी, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी एमएनडीवाई, एमएनजेवाई सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आगामी 15 दिसंबर से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ कैंप को सफल बनाने के निर्देश प्रदान किये. साथ ही 8 दिसंबर को होने वाले उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के निर्देश प्रदान किये इसके उपरांत उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया एवं सफाई व्यवस्था की जांच की। उन्होंने वार्ड में मरीजों की कुशलक्षेम पूछी एवं समस्त मरीजों को दिए जा रहे उपचार के बारे में स्टॉफ से जानकारी ली। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र बड़ोदिया का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरिक्षण के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डा कमलेश शर्मा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत मास्टर ट्रेनर का 2 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के तहत ग्राम पंचायतों में बनने वाली वार्षिक कार्य योजना में महिला एवं बाल विकास हित के बिंदुओं को सम्मिलित करने के संबंध में 2 दिवसीय राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना का प्रशिक्षण जिला परिषद स्थित सभागार में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को ग्राम पंचायतों में बनने वाली वार्षिक कार्य योजना में विभिन्न विषयों का समावेश करने का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान महिला हितेषी पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, गरीबी मुक्त एवं आजीविका युक्त पंचायत का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पंचायत समिति स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किये जायेंगे। पॉवर पॉईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अतिरिक्त विकास अधिकारी संतोष गोपाल सिंह, गोपाल लाल वर्मा, मनोज जैन, राजेश कुमार गौतम, राज्य पाल सिंह सोलंकी सहित स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक निजामुद्दीन व पंचायती राज के हेमराज सोनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# परशुराम कॉलोनी में नाले पर बना गड्ढा बना परेशानी का सबब, नागरिको का विरोध

## शिकायत के बाद भी नहीं हुआ कोई समाधान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर की परशुराम कॉलोनी में नाले पर बने गड्ढे से आमजन परेशान हो रहा है। आवारा गोवंश और गाय उक्त गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं। मामले को लेकर नगर पालिका द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही। ऐसे में छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्गों को खतरा पैदा हो रहा है। इसके विरोध में आज परशुराम कॉलोनी के लोगों द्वारा पालिका के विरोध में प्रदर्शन किया गया। परशुराम कॉलोनी निवासी पवन कुमार खेमरिया,भरत सिंह कुशवाहा आदि ने बताया कि यह नाले का गड्ढा अब लोगों के लिए मुसीबत की जड़ बनता जा रहा है। गड्ढे की लगातार चौड़ाई बढ़ रही है। नीचे बड़ा नाला होने के चलते नगर पालिका की सफाई कर्मचारी सड़क की सफाई के बाद गंदगी को उसी में पटक देते हैं। इसके चलते भोजन की तलाश में घूम रहे गोवंश और गाय कई बार उंस गड्ढे में गिर चुके हैं।

जिनको कॉलोनी के लोगों द्वारा ही निकाला गया है। वहीं दूसरी और नगर पालिका प्रशासन के साथ नगर पालिका की सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा को भी मामले की जानकारी दी है लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। पवन कुमार खेमरिया ने बताया कि कॉलोनी के लोगों द्वारा आज मामले के विरोध में प्रदर्शन किया है फिर भी यदि पालिका के अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा ।

# बच्चों के लिए विधिक सेवा इकाई का ओरिएन्टेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बच्चां को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए बच्चों के लिए विधिक सेवा समिति का गठन किया गया, जिसके दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा दीप प्रज्जलित कर एडीआर परिसर धौलपुर मे किया गया।

समिति में सचिव द्वारा उपस्थित पैनल लॉयर व अधिकार मित्रों को नालसा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत गठित कानूनी सेवा इकाई मनोन्याय के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और नालसा बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत गठित बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई के बारे मे विस्तार से बताया एवं उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के प्रकरण सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल रिट पिटीशन 1011/2022 के अंतर्गत समलैंगिक जोडों के अधिकारों तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न से बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से बताया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा ने प्रशिक्षण की आवश्यकता को समझने के लिए प्रतिभागियों के साथ बातचीत की एवं बच्चों को कानूनी सेवाओं का प्रावधान तथा बच्चों के लिए नालसा बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं योजना 2024 संरचना और मुख्य विशेषताओं के बारे मे विस्तार से बताया। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ0 सुमित मित्तल द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के अधिकार और कानूनी सेवा संस्थानों और प्रदाताओं द्वारा कानूनी हस्तक्षेप की आवश्यकता के बारे मे बताया गया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विश्वदेव पाण्डे द्वारा मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत ढांचे, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 2008 एवं विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 तथा मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के तहत कार्यवही और हस्तक्षेप एवं कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों को कानूनी सेवाएं यथा थाने में, जेजेबी पर, सीसीआई में, बच्चों की अदालतों में एवं जेलों में आदि के बारे मे बताया गया। एलएडीसी चीफ अमित कमठान ने मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाओं का प्रावधान, मानसिक स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों में कानूनी सेवाएं, पुलिस स्टेशनों पर कानूनी सेवाएं, विशेष अदालतों सहित अदालतों में कानूनी सेवाएं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन आदि पर कानूनी सेवाएं आदि के बारे मे बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडी डॉ0 कमल कुमार जांगिड़ एवं थानाधिकारी थाना कोतवाली प्रमेन्द्र रावत ने बच्चों की देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों को कानूनी सेवाएं, सीडब्ल्यूसी, परिवार आधारित देखभाल, सीसीआई, अपराध के शिकार, लापता व तस्करी किए गए बच्चों और बाल श्रम से बचाए गए बच्चों के लिए पुलिस स्टेशन आदि के बारे मे विस्तार से बताया।




# सरकारी योजनाओं की समीक्षा और जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजना और जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा को लेकर बाड़ी के पंचायत समिति सभाग जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीईओ सोमनाथ ने सभी ग्रामीण विकास अधिकारियों को नसीहत दी कि राज्य और केंद्र सरकार की विकास और जनकल्याण से जुड़ी जो भी योजनाएं चल रही हैं, धरातल पर होनी चाहिए। किसी भी योजना में खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में वर्तमान में घुमंतु परिवारों के लिए जो विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, उनका भी फीडबैक लिया गया। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान और समाज कल्याण विभाग से जुड़ी पालनहार एवं बुजुर्ग पेंशन योजना को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली। सीईओ सोमनाथ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में चारागाह भूमि हो या सिवायचक भूमि, किसी ने जो भी अतिक्रमण कर रखा है उसे स्वेच्छा से लोग हटा लें अन्यथा शिकायत मिलने पर मौके पर जाकर कार्रवाई की जाएगी, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होगी। क्योंकि सरकार की जो भी योजनाएं है उनको कुछ लोग पूरी तरह से सफल नही होने दे रहे। ऐसे कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करें ऐसी अपेक्षा है। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आरएएस हेमंत कुमार घनघोर, पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा के साथ ब्लॉक के 35 ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी और कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वरिष्ठ चिकित्सक की कार्यशाला

## स्टूडेंट को दी लैंगिक समानता, स्वास्थ्य जागरूकता और कैरियर संबंधी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के किला परिसर स्थित पीएम सीरीज में चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेंगुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को लैंगिक समानता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं केरियर जागरूकता से संबंधित प्रेरणादाई एवं ज्ञानप्रद जानकारियां सामान्य अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ. शिवदयाल मंगल द्वारा दी गई। डॉ मंगल ने महान गणितज्ञ रामानुजन एवं स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर बोलते हुए बताया कि किस प्रकार इन महान पुरुषों ने अपनी मेहनत और लगन से देश का नाम अपनी छोटी सी उम्र में कर दिखाया। जब हमें शारीरिक बीमारी होती है तो डॉक्टर हमें दवा और विटामिन देते हैं लेकिन जब हमें सफलता की सीढ़ी चढ़नी है। तब हमें चार विटामिन्स- अट्रैक्सन, बॉन्डिंग,केयरिंग और डेडिकेट की आवश्यकता होती है। जब हम इनको आत्मसात कर लेते हैं तो हमें सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने सफलता के आयाम को लेकर बताया के किस प्रकार आईआईटी के छात्रों ने एक छोटी सी चाय की दुकान से अपना व्यापार शुरू किया और आगे चलकर एक बहुत बड़े ब्रांड नाम से प्रसिद्ध हुए। मोबाइल से दूरी कैसे बनाएं इस पर भी उन्होंने बहुत ही रोचक जानकारी छात्रों को दी और कहा कि हम अपने शौक को करियर में कैसे बदल सकते हैं। हमारे अंदर लगन और मेहनत के आयाम है तो हम सफलता की इबादत लिख सकते हैं। डॉ मंगल ने विद्यार्थी एवं युवाओं से सुसंस्कारित नागरिक बनने के लिए लिए पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक सद्भाव,नागरिक शिष्टाचार एवं स्वदेशी जैसे पंचप्रणों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि आप देश का भविष्य है और अपने आप पर भरोसा करो। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीओम सिकरवार ने डॉ मंगल को दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरू शर्मा उपप्राचार्य,रईस खान,माधों सिंह,शिवशंकर गर्ग,नीलम देवी,रेनू गर्ग,पुष्पेंद्र शर्मा,चरण सिंह,सुनील शुक्ला,वीर सिंह ,हुकुम अग्रवाल, मनीष कुमार,साकिर खान,किरण कुमारी, हर्षराज ,जानकी नंदन,कमलेश शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



# होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

## नहीं कराने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई, एसपी ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए पुलिस अधीक्षक ने निर्देश जारी किए हैं। एसपी की ओर से दिए गए निर्देशों में सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और स्वयंसेवी संस्थाओं के मालिकों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। दो दिन में सभी अपने प्रतिष्ठानों का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद पुलिस को सूचना देंगे। जिसके बाद रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाली फर्मों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जिले के सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और स्वयंसेवी संस्थाओं के मालिकों को आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आदेशों में बताया गया है कि जिन संस्थानों का रजिस्ट्रेशन (सी-फॉर्म) जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर (स्नक्रक्रह्र) के अन्तर्गत नहीं करवाया गया है। उन सभी संस्थानों के मालिक अपने जीएसटी सर्टिफिकेट, स्नस्स्ड्ड रजिस्ट्रेशन, उद्योग सर्टिफिकेट लेकर दो दिन में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। एसपी की ओर से जारी किए गए आदेशों में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जो भी संस्थान रजिस्ट्रेशन नहीं कराएगा। उसके खिलाफ समय अवधि खत्म होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नियत समय अवधि में सभी संस्थाओं को जिला पुलिस से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य कर दिया गया हैं।

# पानी डालने वाले कंटेनर को लेकर दो पक्ष में झगड़ा

## मारपीट में 5 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र के लखापुर गांव में खेत में पानी डालने वाले कंटेनर को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद हुई मारपीट में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट में तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल दशरथ पुत्र रामदयाल ने बताया कि गांव के दूसरे पक्ष के लोग खेत में पानी वाले कंटेनर को उनसे छीन कर ले जा रहे थे।

कंटेनर देने से मना करने के बाद आरोपी उनसे कंटेनर को जबरन छीनकर ले गए। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने दशरथ पक्ष के लोगों की लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। और मारपीट में दशरथ के साथ उसकी पत्नी विनीता, भाई जयपाल, शकुंतला और 3 साल की बेटी लक्ष्मी घायल हो गए। मारपीट में घायल हुए सभी लोगों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी है। सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदुओं में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मानव अधिकार संरक्षण मंच के तत्वाधान में गुरुवार को प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। एडीएम को दिए गए ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों, अत्याचारों और शोषण की निंदा की गई है। साथ ही मांग की गई है कि बांग्लादेश में विशेष रूप से कट्टरपंथियों पर हो रहे हमले और हिंसा पर तुरंत रोक लगाई जाए और घटनाओं में शामिल लोगों को सजा दी जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि बांग्लादेश की सरकार और अन्य एजेंसियां इन अत्याचारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इससे हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है। विशेष रूप से इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्णदास को बिना किसी कारण के कारावास में डाले जाने की घटना को अन्यायपूर्ण बताया। स्वतंत्रता के समय पूर्व पाकिस्तान जो अब बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है, वहां पर 22 प्रतिशत हिन्दू थे जो अब महज 7.9 प्रतिशत बचे हैं। 5 अगस्त को फैली हिंसा के बाद बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय को टारगेट करके हत्याएं की गई है, उनके घर लूटे जा रहे हैं। अभी तक कई हिन्दुओं की हत्या कर दी गई है। हिन्दुओं पर हुए हमलों में करीब 6 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। खुलना, रंगपुर, राजशाही, बारिसाल, चिटगांव, सिल्हट में हिन्दुओं पर लगातार अत्याचार किए जा चुके हैं और वहां का पुलिस विभाग हिन्दुओं की शिकायत नहीं ले रहा है। एक ही महीने में 252 हिन्दू पुलिस अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। बांग्लादेश की पुलिस में अब एक भी हिन्दू अधिकारी नहीं बचा है। मंदिरों व मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। पिछले 4 माह में करीब 1 हजार मंदिरों को ध्वस्त किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से मंच ने मांग की है कि भारत सरकार, बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाला बनाए जिससे वहां के अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और धार्मिक स्वतंत्रता को कायम रखा जा सके। साथ ही हिन्दू संत स्वामी चिन्मय प्रभु की बिना शर्त रिहाई की जाए।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज वाइट कोट सेरेमनी का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2024 का वाइट कोट सेरेमनी का आयोजन गुरुवार को प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक कुमार दुबे के निर्देशन में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा छात्र व छात्राओं को वाइट कोट के उत्तरदायित्वों के बारे में बताया गया साथ ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, विभागाध्यक्ष बायो केमिस्ट्री डॉ. माधुरी गुप्ता, विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी डॉ. हेमलता गुप्ता तथा विभागाध्यक्ष ऐनाटोमी डॉ. संतोष कुमार द्वारा छात्र व छात्राओं को वाइट कोट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। छात्र व छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं। डॉ. माधुरी गुप्ता द्वारा सभी छात्र व छात्राओं को चरक शपथ दिलाई गई एवं उसकी महत्वता के बारे में बताया गया।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार : 0.38 बोर की पिस्टल बरामद, जुआ खेलते 8 जुआरी पकड़े

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की मनियां थाना पुलिस ने अवैध हथियार और जुए के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाई की हैं। डीएसटी टीम की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक युवक को 0.38 बोर की पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं सरकारी स्कूल के पास जुआ खेलते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जिनसे 18 हजार 810 रुपए की जुआ राशि बरामद की है। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस को अवैध हथियार के साथ एक युवक के बगचोली लोधा रोड पर हनुमान मंदिर के पास खड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर एएसआई मोहनलाल मीणा को मौके पर भेजा गया।

एएसआई मोहनलाल के साथ पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से पुलिस को 0.38 बोर की पिस्टल मिली। पिस्टल के साथ पकड़े गए युवक मनोज (22) पुत्र नाहर सिंह निवासी खेरली मनियां के पास पिस्टल का लाइसेंस नहीं होने पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। जिससे पुलिस हथियार की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

# एडवांस कराटे और बेल्ट टेस्ट कैंप आयोजित : 60 से अधिक बच्चों ने लिया भाग, सीखी आत्मरक्षा की एडवांस तकनीक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक महाराणा स्कूल में दो दिवसीय एडवांस कराटे कैंप और बेल्ट टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। टाइगर मार्शल आर्ट्स संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय शिविर में 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों के बीच कराते कैंप और बेल्ट टेस्ट का आयोजन कराया गया। जिसे लेने के लिए सेईगो काई एसोसिएशन के प्रेसिडेंट धौलपुर पहुंचे। महाराणा स्कूल में आयोजित शिविर को लेकर आयोजकों ने बताया कि कराते कैंप और बेल्ट टेस्ट लेने के लिए सेईगो काई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट जैनुअल हक, सचिव सोमनाथ चटर्जी और अलिक दास कोलकाता से आए हुए हैं। महाराणा स्कूल में आयोजित शिविर और बेल्ट टेस्ट में करीब 60 बच्चों ने हिस्सा लिया और बेल्ट टेस्ट दिया। टाइगर मार्शल आर्ट्स संस्थान के सचिव विक्रांत मुदगल ने बताया कि समय समय और ऐसे आयोजन से बच्चों को नई टेक्निक्स सीखने का मौका मिलता है तथा बेल्ट टेस्ट से खुद को अगली बेल्ट की योग्यता साबित करने का मौक़ा मिलता हैं।

महाराणा स्कूल में लगाए गए शहर में बच्चों को बेल्ट टेस्ट के साथ कराते के नए गुर सिखाए गए। इस मौके पर क्लब के प्रेसिडेंट शिवशंकर गर्ग, कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद, सीनियर मेंबर बौली झा, विशाल गोगना, शाहिद सहित सीनियर खिलाड़ी रामकेश, विनीत और विकास मौजूद रहे।



# किसके हाथ होगी पार्टी के कप्तान की कमान, चर्चा से परे नाम उभरे

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( विवेक वैष्णव )।** पूरा सूबा अभी भाजपा की राजस्थान सरकार की वर्षगांठ मनाने में व्यस्त है। वर्षगांठ के तुरंत बाद मंत्रीमण्डल में फेरबदल के साथ ही संगठनात्मक बदलाव भी करने वाला है। ऐसें में चित्तौड़गढ़ जिले में भी राजनीति से जुड़ें लोगों के साथ ही आमजन में भी कुछ प्रश्न उठने लगे है और सभी अपनी अपनी गणित के अनुसार कयास भी लगाने में जुटे हुए है। जिले के लोगों के मन में सबसे बड़ा कयास यही चल रहा है कि आखिर किसके हाथ होगी पार्टी के कप्तान की कमान? इसके लिए भाजपा के ही अलग अलग खेमों ने अपने अपने पसंदीदा नाम पार्टी आलाकमान को भेज दिये







है। लेकिन कुछ लोगों ने इन बड़े नामों के विपरीत एक दो ऐसे नाम सुझाव है जो पार्टी के लिए गुटबाजी को सीमित करने में सहायक हो सकते है। वही दूसरी ओर मंत्रीमण्डल फेरबदल होने की स्थिति में जिले से भी निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी या कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर को लाल बत्ती मिलने की पूर्ण संभावना है। संगठनात्मक बदलाव की स्थिति में सांसद सहित जिले के सभी विधायकों ने अपना अपना जिलाध्यक्ष बनाने की जुगत लगा रखी है। तमाम संभावनाओं से परे हमने पार्टी के कप्तान के रूप में ऐसे चेहरों को सामने लाने का प्रयास किया है जिन्होने पार्टी के लिये बहुत कुछ किया है और कप्तान के लिए पार्टी को इन पर गौर अवश्य करना चाहिए। पार्टी के कप्तान के नाम पर प्रमुख रूप से भूमि विकास बैंक के चैयरमेन बद्रीलाल जाट (सिंहपुर) पर भी विचार किया जा सकता है। बद्री जाट सिंहपुर पूर्व में कपासन विधानसभा से विधायक रह चुके है। परिसीमन में कपासन सीट आरक्षित होने के बाद उन्होने सरस डेयरी की ओर रूख किया तथा वर्षो तक डेयरी पर भाजपा का कब्जा कायम रखा। राजनीति की सामान्य सोच रखने वाले लोगों की अगर माने तो कप्तान की दौड़ में सबसे आगे व प्रमुख रूप से मनोज शर्मा को देखा जाना चाहिए। मनोज शर्मा पार्टी का ऐसा कार्यकर्ता है जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को उम्मीद से ज्यादा बहुत कुछ दिया है। एबीवीपी के पदाधिकारी के रूप में मिले दायित्व के निवर्हन के चलते ही जिले के सबसे बड़े कॉलेज में प्रदीप काबरा, बद्री जाट सिंहपुर, सुरेश धाकड़, रघु षर्मा, कमलेश ओझा, बृजेन्द्रसिंह भाटी जैसे छात्रसंघ अध्यक्ष बने। इनमें बद्री जाट सिंहपुर कपासन के पूर्व विधायक, सरस डेयरी के पूर्व चैयरमेन रहने के बाद वर्तमान में भूमि विकास बैंक के चैयरमेन है। डॉ. सुरेश धाकड़ पूर्व जिला प्रमुख रहकर वर्तमान में बेगूं से दूसरी बार विधायक है। पार्टी के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद् (एबीवीपी) में मिले दायित्व का निवर्हन करते हुए 1998 से 2003 तक के कांग्रेस षासनकाल के दौरान विपरीत परिस्थितियों में भी छात्रसंघ में लगातार कई वर्शो तक एबीवीपी के अध्यक्ष देने में सफल रहे। इस कार्यकाल में जिले में सभी कांग्रेस विधायक होने के बावजूद मनोज शर्मा के कुशल नेतृत्व में लगभग हर कॉलेज में एबीवीपी के अध्यक्ष निर्वाचित होते रहे। मनोज शर्मा कॉलेज समय से ही आज तक संगठन के प्रति समर्पित है। छात्र राजनीति के बाद आज तक षर्मा मुख्य धारा में अपना मुकाम हासिल नही कर पाये। अब संगठन को भी चाहिए कि उन्हे पार्टी के कप्तान की कमान देकर उनकी वफादारी का ईनाम दे।

## राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ सुनील कुमार गोयल के निर्देशानुसार गुरूवार को पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधि से संघर्षरत् पांच बालक, देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले पांच बालक एवं विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी वाले शिशु बालक बालिका पांच उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह में बालकों से वार्तालाप कर वहां की व्यवस्थाओं एवं दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। खाना, साफ सफाई, पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान सीमा भारती सदस्य बाल कल्याण समिति उपस्थित रहीं।

## जिला अभिभाषक संस्थान के वार्षिक चुनाव 13 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** उच्च न्यायालय एवं बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के वार्षिक चुनाव सम्पन्न कराये जाने के निर्देशानुसार जिला अभिभाषक संस्थान कार्यकारिणी के 13 दिसम्बर को सम्पन्न होंगे। जिला अभिभाषक संस्थान के सचिव भगवतीलाल मेनारिया ने बताया कि गुरूवार को संस्थान कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष शंकरपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष खुमानसिंह चावड़ा, सचिव भगवतीलाल मेनारिया, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रईस, सहसचिव लोकेश कुमार मीणा, पुस्तकालय प्रभारी सुनील रजक सहित उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने 13 दिसम्बर को वर्ष 2025 की कार्यकारिणी के चुनाव कराये जाने का प्रस्ताव लिया। इस हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद पर सूर्यपालसिंह सोलंकी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुमित गर्ग, राजेश गिरी गोस्वमी, प्रदीप गहलोत की नियुक्ति की जाकर निष्पक्ष चुनाव कराये जाने की समस्त जिम्मेदारी देते हुए चुनाव हेतु उपयोग में आने वाली सामग्री सुपुर्द की गई।

## मंसूरी समाज का पहला विवाह परिचय सम्मेलन कपासन मे 19 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** मंसूरी एज्ययूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के मेम्बर व ओहदेदारान उदयपुर से चित्तौड़गढ़ हजरत नसीर शाह दाता सा रहमतुल्लाह अलेह, सूफी सन्त हजरत हाफीज सय्यद सरदार अहमद कादरी चिश्ती अशरफी की दरगाह पहुचकर आस्ताने पर पहुंच कर चादर, फुल पेश करे। कमेटी के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी, सचिव जाहिद मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि मंसूरी एज्युकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी की जानिब से मंसूरी समाज का उदयपुर संभाग का पहला विवाह परिचय सम्मेलन प्रतिभा सम्मान समारोह कपासन में 19 जनवरी 2025 रविवार को हजरत दीवाना शाह साहब रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह शरीफ, अहमद कबीर मंजिल मे दिन मे 1 बजकर 30 मिनट पर शुरु हो जाएगा।

## जिसने धर्म के मर्म को समझ लिया उसने सत्य को समझ लिया, पांखड वाला संसार से दुरूस्त होता है: आचार्य रामेश

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** आचार्य रामेश ने समता भवन मे अपनी अमृत देशना देते हुए कहा धर्म पर कहा तन जाये तो जाये मेरा जैन धर्म नही जाए, धर्म के मर्म को समझ लिया समझो उसने सत्य को समझ लिया। जैसे कामदेव श्रावक ने धर्म को जान लिया था वो धर्म की खातिर अपने धर्म पर डटे रहे ध्यान मे लीन रहे। वासूदेव भी तेले तेले की तपस्या करते हुए जब तक मेरा लघु भ्राता नही आ जाये। यहां की प्रशंसा बडी बात नही देवलोक मे प्रशंसा होना बडी बात होती है। इससे पहले आचार्य प्रवर ने कहा जिसने धर्म को समझना उसका आचरण करना वो धर्म क्रिया है जिसने इसको जान लिया जैसे सामायिक पौषध यह सब धर्म क्रिया होती है। मिथ्यात्व अलग है मिथ्यात्व क्रिया अलग होती है। जैसे धूप अगरबत्ती करना यह सब मिथ्यात्व क्रिया होती है। पद प्रतिष्ठा लोभ लालच मनुष्य की कमजोरी रही है इसके लिए वह तुरंत झुकने को तैयार हो जाते है। भगवन ने कहा पर पाखंड की भावना मे रहने वाला इस संसार से दुरुस्त होने वाला होता है। पर पाप से भगवान ने हमको सावधान किया है। इससे बचोगे तो धर्म की गहराइयों मे पहुंचा जा सके। इस मौके पर महामंत्री उतमचंद लोढा, अहिंसा प्रचारक महेश नाहटा,भंवर लाल औस्तवाल, सुभाष चंद औस्तवाल, रोनक श्रीश्रीमाल, अशोक मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर ने अंबेडकर भवन का अवलोकन कर राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयारियों का अवलोकन कर बेहतर आयोजन करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो के लिए आयोजन स्थल अंबेडकर भवन का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रमों व जिला स्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियो की जांच की। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए अंबेडकर भवन में स्थान का अवलोकन कर टेंट, साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने सहित जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए लगाई जाने वाली स्टॉल्स की जगह का जायजा लिया साथ ही प्रदर्शनी को बेहतर गुणवत्तापूर्ण लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंबेडकर भवन के रंग रोगन कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को कहा कि आयोजन स्थल के रंग रोगन कार्य जल्द पूरा करे व साफ सफाई, रोशनी इत्यादि करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से सुझाव पूछे एवं कहां कि समस्त विभागीय अधिकारी स्वयं से जुड़ी समस्त तैयारिया पूरी करना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, नगर परिषद आयुक्त दलिप पुनिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

## प्रेमी युगल ने कुंए मे कुदकर अपनी ईह लीला समाप्त की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** निकटवर्ती ग्राम नरबदखेडा के पाल के पास बने कुए मे एक युगल प्रेमी ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह दोनो लोग पिछले कई समय से एक दूसरे से प्यार करते थे।

बुधवार को फतेहपुरिया दोयम निवासी युवक नैनसिंह पुत्र आनन्द सिंह (22) ने अजगर बाबा के थान के पास रहने वाली एक विवाहिता सुनिता पुत्री भगवान सिंह पति हुकम सिंह (19) को घुमाने के लिये अपनी बहन के घर प्रतापपुरा जा रहा था। इससे पहले तालाब की पाल के पास बने कुए पर दोनो के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और युवक अपनी मोटरसाईकिल पर मोबाईल को



खुला छोडकर दोनो जने कुए मे छलांग लगाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलवाया वहीं सिविल डिफेन्स के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर दोनो के शवो को बाहर निकाला और शव देर रात ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के मोर्चरी कक्ष मे रखवा दिये। जहां गुरूवार को सुबह दोनो मृतको का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया। साकेत नगर पुलिस थाने के थानाधिकारी बलभद्र सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर को नैनसिंह पुत्र आनन्द सिंह अपने घर से मोटरसाईकिल लेकर निकला। अपनी प्रेमिका सुनिता पुत्री भगवान सिंह को लेकर अपनी बहन के गांव प्रतापपुरा की ओर निकल गये। लेकिन दोनो के बीच अकस्मात मन भ्रमित होने के कारण बजाय घर जाने के वह रास्ते मे आ रहे कुंए के पास ही रूक कर कुछ देर बातचीत की और बाद मे अपने मोबाईल का लॉक खोल कर अपनी ही मोटरसाईकिल पर रखकर कुंए मे कुद गये।

### मृतक युवती का नहीं हुआ था मुकलावा

मृतक युवती सुनिता (19) का लगभग साल भर पहले विवाह हुआ था। एक साल बाद मुकलावा करना था। लडकी का विवाह मसूदा उपखण्ड के रूपाहेली कलां मे हुकम सिंह के साथ हुआ था। लडकी के ससुर हेम सिंह ने बताया कि इसकी मृत्यु की जानकारी लड़की के पिता भगवान सिंह ने ही दी।

## शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ।** अंजनीसुत सेवा समिति , भरतपुर के तत्वावधान में इन दिनों किले में स्थित बांगड़ वाले हनुमान जी के मंदिर पर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है । अंजनीसुत सेवा समिति स्तर से प्राप्त समाचार अनुसार वृंदावन धाम के आचार्य शशिकृष्ण ठाकुर जी के द्वारा इस कथा का वाचन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है द्य 3 दिसंबर मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए कार्यकमों के अंतर्गत आने वाले दिनों में दिनांक 6 दिसंबर शुक्रवार को शिव विवाह, 7 दिसंबर शनिवार को श्री गणेश जन्म उत्सव, 8 दिसंबर रविवार को शिव तांडव,9 दिसंबर सोमवार को श्री खाटू श्याम जागरण तथा 10 दिसंबर मगंलवार को हवन एवम अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया जाएगा ।

अंजनीसुत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त भक्त जनों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की है ।

## नेत्रदान जागरूकता के लिए दंपति ने लिया नेत्रदान का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है और इसी जागरूकता का परिचय देते हुए चौमहला नगर की समाजसेविका सुनिता मीणा एवं प्रधानाध्यापक रवि मीणा ने संयुक्त अपने नेत्रदान का संकल्प लेकर एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की जिलाध्यक्ष चौमहला निवासी सुनिता मीणा ने बताया कि लगातार झालावाड़ जिले में शाइन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से संचालित नेत्रदान के समाचारों ने उन्हें प्रभावित किया है, परोपकार के इस कार्य को अपना समर्थन दिया जा सके इसीलिए अपने पति प्रधानाचार्य रवि मीणा के साथ भवानीमंडी आकर भारत विकास परिषद के नेत्रदान प्रभारी कमलेश गुप्ता दलाल के माध्यम से सयुंक्त नेत्रदान का संकल्प लिया, जिससे हमारी मृत्यु के बाद भी हमारी आंखें किसी को नई रोशनी देने के काम आ सके एवं अन्य लोग भी इसके लिए प्रेरित हो सके। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव बामन-देवरिया के प्रधानाध्यापक रवि मीणा ने नेत्रदान का शपथ-पत्र नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल को सौंपते हुए कहा की लगातार भवानीमंडी एवं झालावाड़ जिले के नेत्रदान के समाचारों ने उन्हें प्रभावित किया है, किसी को नई दृष्टि देने का आशय नया जीवन प्रदान करना है, इसी महत्वता को देखते हुए उन्होंने अपने नेत्रदान का संकल्प लिया जिससे और अधिक लोग भी इसके लिए प्रेरित हो सकें।

## दो दिवसीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की हुई शुरूआत



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक बून्द्री की अनुपालना में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सत्र 2024-25 हेतु जिला स्तर पर चयन 05 दिसंबर से 06 दिसंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बून्दी में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उदघाटन - कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ भूपेश जेतवाल द्वारा किया गया , जिसके तहत 05 दिसंबर को बैडमिंटन, वॉलीबॉल , चेस , क्रिकेट का आयोजन करवाया गया जिसमें 55 मंत्रालय कर्मचारियों ने भाग लिया व अगले क्रम की प्रतियोगिता 6 दिसंबर को प्रस्तावित है, तथा बैडमिंटन के प्रभारी - मुजीबुर रहमान,विजयभानसिंह , रितेश यादव , रवि गौतम क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी - शिवराज जी खींची , अंजार अहमद , हरगोविंद दाभाई , मुक्ति दत्त शर्मा , वॉलीबॉल के प्रभारि - हरीश चौहान ,शिवराज श्रृंगी, रामप्रताप सिंह , चेस के प्रभारी - जाकिर हुसैन, लोकेंद्र सिंह ,धीरज कुमार , अनिल वर्मा रहे, समस्त प्रतियोगिताएं भंवर महिप सिंह हाड़ा व्याख्याता शारीरिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी एवं विद्यालय में कार्यरत श्रीमती गायत्री नामा के निर्देशन में आयोजित करवाई जा रही है। आज शुक्रवार को समापन के साथ प्रतियोगिताओं में रहे विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत ।

## शादी समारोह के कार्यक्रमो से मौका पाकर ज्वैलरी व नगदी चुराने वाली अन्तर्राज्यीय कडिया गैग का खुलासा

### उत्तरप्रदेश, राजस्थान व मध्यप्रदेश राज्यो से पुलिस टीम ने संदिग्धो की पहचान हेतु अहम सुराग प्राप्त किये

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** सुरेश वैष्णव निवासी फारसी कॉलोनी ब्यावर ने 22 नवम्बर 2024 को थाने मे उपस्थित होकर एक रिपोर्ट लिखवाई की 21 नवम्बर 2024 को वह अपने परिवार के साथ राधाकुन्ज गार्डन अपने भांजे की शादी मे मायरा (भात) भरने गये। उसके बैग मे 3,85,000 रूपये नगद व मायरे के लिये खरीदे 6 तोला सोने के के आभूषण व अपनी पत्नी के 15 तोला सोने के आभूषण थे।

मात्र 10 सैकण्ड के लिये मैंने अपना बैग रखा और वापस मुडकर देखने पर अज्ञात चोर बैग, आभूषण व नगदी सहित चोरी कर ले गये। कुछ फोटो मे उसका चेहरा भी नजर आ रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रोडूराम, उप निरीक्षक पुलिस थाना ब्यावर सिटी के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया और टीम द्वारा बाद घटना के घटना स्थल राधाकुज गार्डन से फोटोग्राफ, विडियोग्राफी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात बदमाश की तलाश ब्यावर, अजमेर, सरवाड, कोटा, कुन्हाडी, आगरा (उत्तरप्रदेश), ग्वालियर, राजगढ, गुना (मध्यप्रदेश) तक करीबे 400 स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुये मध्यप्रदेश के राजगढ जिले मे कडिया गांव पहुंची। जहां पर आरोपियों द्वारा घटना मे प्रयुक्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नं. के आधार पर जिला साईबर सेल द्वारा तकनीकी डेटा के आधार पर वाहन स्वामी आगमरा उत्तर प्रदेश का होना पाया गया।

जिस पर एक टीम को आगरा भेजकर वाहन मालिक को डिटेन करने पर जानकारी मिली की



उक्त वाहन को वर्ष 2022 मे कडिया निवासी रीतिक सांसी को बेच दिया गया। ब्यावर पुलिस द्वारा राजगढ मध्यप्रदेश पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर एक टीम का गठन कर ब्यावर पुलिस को सहायता करने व आरोपियो को राउण्डअप करवाने मे सहयोग के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा कडिया गांव मे गोपनीय तरीके से जानकारी कर एवं दबिश देकर घटना मे शामिल आरोपियों को नामजद किया कर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पहचान रीतिक पुत्र महेश जाति सांसी निवासी कडिया पुलिस थाना बोडा जिला राजगढ मध्यप्रदेश, बोबी पुत्र दिनेश जाति सांसी निवासी मुगावली पुलिस थाना मुगावली जिला अशोक नगर मध्यप्रदेश, काला पुत्र जग्गा जाति सांसी निवासी कडिया पुलिस थाना बोडा जिला राजगढ मध्यप्रदेश, अशोक लंगडा पुत्र बलवीर जाति सांसी निवासी कडिया पुलिस थाना बोडा जिला राजगढ गध्यप्रदेश के रूप मे कर उनके निवास स्थान पर बार बार दबिशे देकर आरोपियों को नामजद कर चोरी गये आभुषण व नगदी बरामद कर लिये गये। घटना मे नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुनः पुलिस टीम भेजी जायेगी।

## जिला कलेक्टर ने बदनोर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की सुनी परिवेदनाएं, पट्टों का किया वितरण

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण व बदनौर पैलेस का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत गुरुवार को जिले के बदनौर क्षेत्र के दौरे पर रहे। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत बदनौर में आयोजित सुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी। उन्होंने अधिकांश परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जिससे आमजन को राहत मिली। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, विद्युत आपूर्ति, पेयजल कनेक्शन सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजो संबंधी प्रकरणों को सुन अधिकांश का त्वरित निस्तारण किये। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने



पट्टे से वंचित कुछ ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए। पट्टा मिलने पर ग्रामीणों ने राज्य सरकार व जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था देखी एवं चिकित्सा प्रभारी को साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क जांच केंद्र व दवाई केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयो की उपलब्धता देखी। उन्होंने सीएमएचओ एवं ब्लॉक लेवल अधिकारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर समस्त जांच व दवाइयो की उपलब्धता के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से जाकर कुशलक्षेम पूछी व मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली ।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कस्बे मे स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय सब्जी मंडी में गुरूवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि हम फिट तो देश फिट, बच्चों को जितना शिक्षा जरूरी है उतना ही स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकता है। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। प्रधानाध्यापिका सुमन तिवाड़ी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के विकास में जरूरी है। इस मौके पर सुनीता चौधरी, अनीता यादव, सुमित गौतम, अनुराधा सांखला, शिवानी सैनी, नीरज कुमारी समेत विधार्थी मौजूद रहे।

# मत्स्य विभाग को प्रतिवर्ष छः करोड़ रुपए का रिवेन्यू देने वाले ठेकेदार को मछली चोरी के मामलों से नहीं मिल रही राहत

## नियमों के तहत मत्स्य विभाग और पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करे तो सरकारी कोष में हो सकता है और अधिक लाभ

बढ़ता राजस्थान

### बीसलपुर बांध से प्रतिदिन हो रही है लाखों रुपए कीमत की मछलियां चोरी

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों देवली उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में मछली चोरी के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। ।ऐसा ही एक मामला बीसलपुर बांध के मत्स्य ठेकेदार आर आर फिशरीज कंपनी के डायरेक्टर ने जानकारी में बताया कि बुधवार को बीसलपुर बांध में बोट से गश्त करने के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने मछली चोरी करते हुए जावेद कुंदेड़ा नामक व्यक्ति को अवैध रूप से मछली निकालने के मामले में पकड़ा है । उक्त दौरान जावेद से चोरी की मछलिया एवं जाल तथा अवैध नाव सहित इत्यादि सामग्रियां भी ठेकेदार की कर्मचारियों ने जप्त कर ली है । यह भी बताया कि इस चोरी के मामले की जानकारी कंपनी ने पुलिस को पहुंचा दी है। बीसलपुर बांध के उक्त मत्स्य ठेकेदार को बांध से मछली चोरी को रोकने के मामले में संबंधित विभाग और पुलिस से फौरी फोरी मदद ही मिल पा रही है। ऐसे में मत्स्य ठेकेदार का मानना है कि अगर मत्स्य विभाग और पुलिस प्रशासन देवली शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही है मंडी में जांच करें तो उक्त मछली मंडी मे बीसलपुर बांध की मछलियों की पहचान आसानी से की जा सकती है। ऐसे में मत्स्य विभाग एवं पुलिस द्वारा यहां नियम अनुसार करवाई की जाती है तो बीसलपुर बांध से मछली चोरी के मामलों में मत्स्य विभाग पुलिस प्रशासन और ठेकेदार को काफी हद तक राहत पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि बीसलपुर बांध का जलाशय अजमेर संभाग के प्रशासनिक अधिकार में आता है । ऐसे में टोंक जिला पुलिस प्रशासन से तो बीसलपुर बांध में होने वाली अवैध गतिविधियों पर कहीं ना कहीं कार्रवाई हो जाती है। लेकिन केकड़ी और भीलवाड़ा जिले क्षेत्र में भी बीसलपुर बांध के जलाशय का फैलाव बना हुआ है । लेकिन यहां बीसलपुर बांध के जलाशय से मछली चोरी की वारदातें नहीं थम रही है । ऐसे में अजमेर संभाग के बीसलपुर बांध की संपत्ति को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान पहुंच रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नासिरदा, छोटी बड़ी छातड़ी, डाबर मालेडा संदला, चौसला, नेगडिया, नापा का खेड़ा, पाडलिया, रावता माताजी, रघुनाथपुरा, थड़ोली, डाबर, बोरड़ा ग्रामीण क्षेत्र बीसलपुर बांध के जल भराव से जुड़े हुए हैं। ऐसे में प्रतिदिन दर्जनों अवैध बोट ( नाव). और बड़े-बड़े जाल के जरिए बांध से अवैध तौर पर लाखों रुपए की मछलियों की चोरी कर रहे हैं । इसका सीधा-सीधा खामियाजा ठेकेदार को उठाना पड़ रहा है।



## तीन माह तक चलने वाले निःशुल्क आत्मरक्षा केम्प के पोस्टर का हुआ विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मां आशापुरा संगठन उदयपुर की ओर से नगर निगम प्रांगण में आगामी 26 दिसम्बर से तीन माह तक चलने वाले सेल्फ डिफेंस केम्प के पोस्टर का आज विमोचन किया गया। संगठन प्रमुख चेतन सोनी ने बताया कि आज अन्य देशों में हो रहे हालात को देखते हुए व शहर की समस्त महिलाओं व बालिकाओं को यह प्रशिक्षण देना व सीखना अति आवश्यक है ऐसी उद्देश्य से इस केम्प का आयोजन किया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिविर में महिलाओं एवं बालिकाओं को लाठी,तलवार,नानचॉक निशुल्क सिखाया जायेगा। पोस्टर का विमोचन भाजपा देहात अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान,जादूगर आँचल,डीवाई एसपी चेतना भाटी,प्रशिक्षण संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री,वनवासी कल्याण आश्रम से राधिका लट्ठा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चितोड़ प्रान्त संगठन मंत्री वीरेंद्र सिंह शक्तावत,उदयपुर विभाग संगठन मंत्री रविशंकर,फतह स्कूल प्राचार्य चेतन पानेरी ने किया। इस सेल्फ डिफेंस कैम्प के ट्रेनर मांगीलाल सालवी,तारा लोहार गौरीशंकर जी वसीटा नितेश तरवाड़ी होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित चेतन जैन,पार्षद देवेंद्र साहू,कमलेश जोशी हेमन्त रावल शुभम मेनारिया निमित सालवी विजय जोशी गिरराज कुमावत हेमन्त सेन भीम शंकर राहुल पियुष चौहान विक्रम सीताराम अम्बे वाहिनी से कोमल सोनी उषा सोनी सोनू कोमल मोनल सेन प्रियांशी वर्मा वृन्दा सोनी नेहा चौहान आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उदयपुर से शुरू हुआ फर्नीचर उद्योग के कौशल विकास का नया अध्याय

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भारत के शिल्प और संस्कृति का केंद्र, अब फर्नीचर उद्योग में कौशल विकास के लिए एक नई पहचान बना रहा है। फर्नीचर और फिटिंग्स स्किल काउंसिल ने उद्योग में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, उदयपुर स्थित आईराज इवोलयूशन डिजाईन कंपनी परिसर में 5 दिवसीय 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रशिक्षकों की क्षमताओं को निखारना और प्रभावी प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खोलना है। कार्यक्रम में देशभर के 20 से अधिक प्रशिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन को भारत के प्रमुख ब्रांड्स,उदयपुर क्षेत्रीय कौशल अध्याय और विषय विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित किया गया है। एफएफएससी के सीईओ राहुल मेहता ने बताया कि इंटीरियर और फर्नीचर उद्योग में बढ़ती मांग के साथ कुशल कार्यबल की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। इस कार्यक्रम के जरिए हम युवाओं को कौशल विकसित करने और रोजगार पाने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उदयपुर के उद्योग और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहले दिन प्रशिक्षकों का परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद कौशल की कमी और चुनौतियां, वैश्विक मानदंड, वर्ल्ड स्किल्स कॉम्पटीशन, और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने आईईवीओ फैक्ट्री का दौरा भी किया, जहां उन्हें उद्योग की वास्तविक प्रक्रियाओं को करीब से देखने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम के बाद फर्नीचर डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित विशेष कौशल कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में नए प्रतिभागियों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। उदयपुर में इन कार्यक्रमों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। उदयपुर के युवाओं के लिए यह एक अनूठा अवसर है कि वे इस बढ़ते हुए उद्योग में अपनी जगह बनाएं। बढ़ती मांग को देखते हुए, यह क्षेत्र रोजगार और करियर के लिए असीम संभावनाएं प्रदान करता है। इस कार्यक्रम ने न केवल उदयपुर को फर्नीचर उद्योग में कौशल विकास का एक केंद्र बनाया है, बल्कि बेरोजगारी को कम करने और स्थानीय युवाओं को नए अवसर देने की दिशा में भी एक नई उम्मीद जगाई है।

## चोर गैंग से पूछताछ में बड़ा खुलासा,आरोपियों ने चोरी की 28 वारदातें कबूली

### रेलमगरा थाना अधिकारी प्रभु सिंह ने दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमंद के रेलमगरा थाना पुलिस ने शातिर चोर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। रेलमगरा थानाधिकारी प्रभु सिंह चुंडावत ने बताया कि पुलिस ने लगातार बढ़ती चोरियों के मामले पर ताबिश करते हुए तीन शादी के चोरों को गिरफ्तार किया जिसमें से दो रेलमगरा थाना क्षेत्र के और एक चित्तौड़गढ़ जिले का निवासी है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट से 2 दिन की पीसी डिमांड प्राप्त की। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने आसपास के क्षेत्र सहित रेलमगरा थाना क्षेत्र में करीब 28 चोरी की वारदातें कबूल की है।चोरी किए गए माल में से 20 लख रुपए का सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है। अन्य सामान की बरामद की क्या प्रयास जारी है।

पुलिस के अनुसार इन्होंने अधिकांश धार्मिक स्थलों, मंदिरों, निजी मकानों, दुकानों और सुने पड़े मकान को अपना निशाना बनाया था। चोरी किए गए माल को रखने के लिए कोटडी गांव में एक बड़ा व मकान किराए पर ले रखा था जहां से यह सभी सामान बरामद की गई है।

## पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी का निर्माण कार्य जारी, दादा की स्मृति में भैंट किये एक लाख आठ हजार रूपये



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि मनासा पंजाबी समाज के स्वर्गीय गणेश दास छाबड़ा एवं रमेशचंद्र छाबड़ा की स्मृति में मदनलाल छाबड़ा महेश छाबड़ा मनोज छाबड़ा मोंटू छाबड़ा ने पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी रावतभाटा में निर्माण के लिए 108000 रुपए सहयोग राशि भेंट की। छाबड़ा परिवार ने पंजाबी धर्मशाला का निर्माण करवाए जाने के लिए अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी का स्वागत किया । सहयोग राशि देने के लिए बालकिशन गुलाटी ने भी छाबड़ा परिवार का आभार जताया। पूर्व में भी मनासा के गुलाटी परिवार द्वारा रसोई के निर्माण के लिए साढे चार लाख रुपये 450000 भेंट किए थे । रसोई का निर्माण कार्य भी जारी है इस मौके पर पंडित गुलशन शर्मा सनी छाबड़ा चंदर वधवा हनी छाबड़ा आदि लोग मौजूद थे।

## कनेरा नायब तहसीलदार का कार्यभार एवं नव निर्मित उप तहसील भवन में कार्य का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड की कनेरा उप तहसील पर नव नियुक्त नायब तहसीलदार का पदभार ग्रहण एवं नव निर्मित उप तहसील भवन में कार्य का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने विधायक कृपलानी सहित उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, कनेरा के पूर्व नायब तहसीलदार दिव्येशकान्त परमार एवं नव नियुक्त नायब तहसीलदार नंदलाल सुथार का उपरना ओढाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में तहसीलदार गोपाल जीनगर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, महामंत्री शिवलाल धाकड़, बिहारी लाल रेगर, जिला परिषद प्रतिनिधि पूर्व सरपंच गोपाल धाकड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष वैष्णव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलाल चारण पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगदीश चंद्र धाकड़, दिनेश मेघवाल, गोपाल लाल धाकड़ पहलवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश चंद्र काबरा, कनेरा सरपंच रामचंद्र मालवीय, मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर, उमेश धाकड़, जगदीश धाकड़, मंडल मंत्री अमृत धाकड़, राहुल धाकड़, प्रहलाद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सरपंच सुरेश धाकड़, गणेश धाकड़, विनोद अहीर, राहुल जैन, प्रहलाद धाकड़, प्रवीण व्यास, दिनेश धाकड़, राहुल अहीर, भूरालाल बंजारा, जय सिंह बंजारा, मदन बामतिया, नितीन जैन, महेश सेन, शिवलाल धाकड़, सुनील धाकड़, धनपाल धाकड़, दिनेश धाकड़, भगवानलाल अहीर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक का आयोजित की गई! इस संबंध में गुरुवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने अधिकारियों को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मीटिंग में वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार विमर्श किया गया, साथ ही गत वर्षों के बाल पीड़ितों के मामले में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर इस कार्यालय को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया । साथ ही बालश्रम, पोक्सो एक्ट एवं बाल अपराधों के संबंध में वर्तमान में दर्ज की जाने वाली एफआईआर की एक प्रति तथा प्रकरणों में पीड़ित अथवा उसके आश्रित की ओर से आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अभिलंब आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही मीटिंग में किशोर न्याय बोर्ड द्वारा प्रेषित अनुसंशा प्रार्थना पत्रों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर सवाई माधोपुर रूबी अंसार, यातायात उपाधीक्षक पिंटू कुमार एवं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर श्वेता गर्ग उपस्थित रहे।

## नाथद्वारा में नाला निर्माण कार्य का निरीक्षणः गुणवत्ता पूर्ण निर्माण को लेकर किया आश्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमंद में नाथद्वारा के तेली पुरा स्थित बरसाती नाले के पुनः निर्माण कार्य का नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा सहित भाजपा पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि नाले का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण किया जाएगा।भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा के अनुसार वर्षों से इस स्थान पर बारिश के समय जलभराव की समस्या बनी रहती थी। जलभराव की समस्या को देखते हुए यहां बड़े व गहरे नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसकी वजह से कुछ दिनों से यहां कार्य के चलते लोगों के प्रतिष्ठान बंद है। ऐसे में त्वरित गति से कार्य करवाकर आगामी 2 दिनों में लोगों के प्रतिष्ठानों को खुलवाने की व्यवस्था कर दी जाएगी व 15 दिसंबर से पूर्व पूरा कार्य संपन्न करने की कोशिश की जाएगी।नाला निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही भाजपा के पदाधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को नाले की पूरी जानकारी देते हुए जल्दी से जल्दी कार्य पूर्ण करने को लेकर आश्वस्त किया।इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पुरोहित, पूर्व पार्षद राजेंद्र सनाढ्य, नगर उपाध्यक्ष शंभु शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल उपाध्याय, कुलदीप कनेरिया, जितेंद्र पुरोहित, आईटी सेल गोपाल पुरोहित के साथ ही ठेकेदार मौजूद रहे।

## समस्याओं के समाधान के लिए स्कूल शिक्षा परिवार ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** गुरुवार को स्कूल शिक्षा परिवार के द्वारा संभाग प्रभारी भरत गौड़ के नेतृत्व में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ को स्कूल शिक्षा परिवार ने ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। संगठन के द्वारा क्रीड़ा शुल्क वसूली आदेश के खिलाफ, जिला समान परीक्षा शुल्क के खिलाफ, स्कूलों के समय परिवर्तन के विरोध में ज्ञापन सौपा गया। शिक्षा परिवार ने ज्ञापन में बताया कि जब कोई बच्चा खेलने ही नहीं जाता तो उसे क्रीड़ा शुल्क की वसूली कैसे विधि संगत है। पहले जिला समान परीक्षा होने पर ही पेपर शुल्क प्रति छात्र रुपये 10 के हिसाब से आता था जो अब संपूर्ण राजस्थान की परीक्षा एक साथ होने पर खर्च खर्च हाल में इससे आधा ही होगा परंतु विभाग अब 20+20 = 40 रुपए प्रति छात्र मांग रहा है। जो सरासर आर्थिक शोषण है अभिभावकों ने इसे जमा करने से साफ इनकार कर दिया है आजादी से और आज तक गैर सरकारी विद्यालयों का समय उसे क्षेत्र के वास्तविक स्थिति के अनुसार रखा जाता है। जिससे अभिभावकों एवं बच्चों को वास्तविक रूप से कोई परेशानी नहीं आती। यह व्यवस्था कई वर्षों से चली आ रही है तथा किसी को इससे एतराज भी नहीं है वैसे भी सरकारी स्तर पर दो पारियों में चलने वाले स्कूलों के बच्चों को भी सर्दी लगती होगी परंतु परिस्थितियों वास उनकी सर्दी का ख्याल सरकार नहीं रख पाती तो गैर सरकारी स्कूलों की परिस्थितियों भी तो समझी जा सकती हैं निजी स्कूल शिक्षा परिवार ने लिखित में सूचित कर लिखित में ही मार्गदर्शन चाहा है कि अभिभावक उपरोक्त शुल्क जमा नहीं करें तो स्कूल प्रबंधन आगे क्या कार्रवाई करें। ज्ञापन देते समय जिला प्रभारी बलवान तेतरवाल समन्वयक विनोद धीनवाल, सुरेंद्र महिया, अरशद खान, सुनील प्रजापत, वेद प्रकाश शर्मा सहित स्कूल शिक्षा परिवार के लोग मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय मिनी जंबूरी में भाग लेकर लौटे स्काउट दल का किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** गुरुवार को शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चूरू जिला स्काउट गाइड संघ के द्वारा आयोजित मिनी जंबूरी में भाग लेकर लौटे विद्यालय के स्काउट दल का विद्यालय परिवार के द्वारा अभिनंदन किया गया।

स्काउट लीडर प्रेम प्रकाश नाई के नेतृत्व में विद्यालय के 13 स्काउट्स ने मिनी जंबूरी में भाग लेकर के उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के दल को अनुशासन के क्षेत्र में जंबूरी का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं विद्यालय को स्काउट संघ के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने कहा कि स्काउटिंग व्यक्ति में अनुशासन, स्वावलंबन, सहयोग एवं सेवा भावना तथा भाईचारे का विकास करता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस अवसर पर गाइड लीडर दिव्या गौड़, ओमप्रकाश सुथार, सुनील भोजक, आनंद मीणा, दीपक सेन, ललिता जांगिड़, संदीप दर्जी, स्वाति वैष्णव, रेणू मिश्रा, सोनू शर्मा, अयूब रंगरेज, शोभा चारण, ममता सोनी, मोनिका सैनी आदि उपस्थित रहे।

# नए साल 2025 के जश्न के लिए नैनीताल है सबकी पहली पसंद

आखिरी महीने दिसंबर के आते ही लोग नए साल के सेलिब्रेशन के लिए कहां जाना हैं जैसे सवाल एक दूसरे से पूछने लगते हैं। सभी चाहते हैं जितना हो सके उतना पास की कोई घूमने की जगह मिल जाए, क्योंकि इससे समय भी बचता है और ज्यादा थकान भी नहीं होती। दिल्ली के पास घूमने के लिए हमारे हिसाब से नैनीताल से बेस्ट ऑप्शन और कोई नहीं हो सकता। लोग यहां वीकेंड पर भी खूब घूमने के लिए आते हैं और अगर बात न्यू ईयर की आ जाए, तब तो यहां के चकाचौंध का कोई जवाब नहीं है।



## नैनी झील

सात अलग-अलग पर्वत की चोटियों से घिरा हुई नैनी झील कुमाऊं क्षेत्र की सबसे फेमस झील में आती है। अपने खूबसूरत नजारों के लिए प्रसिद्ध ये स्थान लोगों के बीच पिकनिक के लिए फेवरेट स्पॉट के रूप में जाना जाता है। यहां शाम के समय कुछ देर बैठकर आप ढलते सूरज का मजा ले सकते हैं। साथ ही, खुले वातावरण में बैठकर शांति से प्रकृति को देखने का जो मजा वो आपको कहीं और नहीं मिल सकता। न्यू ईयर पर आप भी कुछ खुली हवा का मजा लेने के लिए निकल पड़िए।

## मॉल रोड़

नैनी झील के सहारे बनी ये सड़क मल्लीताल और तल्लीताल को जोड़ती है। यहां आपको हर जगह चहल-पहल का माहौल देखने को मिल जाएगा। कोई किसी दुकान पर खड़े होकर सर्दियों की शॉपिंग कर रहा होता है, तो कोई स्ट्रीट फूड का मजा ले रहा होता है, कहीं आप लोगों को फोटोज लेते हुए देख पाएंगे, तो कहीं कोई चाय की चुस्की लेते हुए पहाड़ देख रहा होगा। कुछ ऐसा माहौल देखने के लिए आप भी बना लीजिए न्यू ईयर का प्लान।

## टीफिन टॉप

नैनीताल के टूरिस्ट प्लेस में शुमार ये जगह ये पूरे नैनीताल के नजारे पेश करती है। चारों तरफ चीड़, ओक व देवदार के पेड़ आपको एक जन्नत में घूमने का एहसास करा देंगे। इन पेड़ों को देखकर यकीनन आपको बड़ी ही शांति महसूस होगी। अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं, तो तसल्ली से बैठकर यहां शांति का मजा लें। पिकनिक के लिए भी लोग यहां आते-जाते रहते हैं।

## नैना देवी मंदिर

कहते हैं कि इस जगह पर देवी सती की आंख गिरी थी, जिस वजह से इस मंदिर का नाम नैना देवी है। मंदिर के नाम पर ही इस जगह नैनीताल बुलाया जाता है। हिंदुओं के प्रमुख तीर्थस्थल में इस मंदिर को भी गिना जाता है। अगर आप यहां आते हैं, तो एक पीपल का पेड़ दिखाई देगा, जो शताब्दियों से यहां लगा हुआ है, ये पेड़ भी मंदिर की तरह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर तक पहुंचने के लिए पैदल चलना पड़ता था, लेकिन अब यात्रियों को ध्यान में रखते हुए उड़नखटोला की व्यवस्था कर दी गई है।



## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क

हरियाली, शांत वातावरण, पेड़ों से गुजरती हैं ताजी हवा और उनके बीच विलुप्त होते पशु-पक्षी, ये सभी एक साथ आपको एक ही स्थान पर देखने को मिलती है। यहां हम बात कर रहे हैं जिम कॉर्बेट की, जो अपनी जंगल सफारी के लिए जाना जाता है। अगर आप अक्टूबर से फरवरी के बीच यहां आते हैं, तो आपको कुछ और भी अनदेखे पक्षी दिखाई दे जाएंगे।

### नैनीताल कैसे पहुंचे

**हवाई मार्ग से :** नैनीताल में सीधी हवाई कनेक्टिविटी नहीं है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली, नैनीताल का पास का हवाई अड्डा है। चूंकि सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों की हर उड़ान दिल्ली को दुनिया के बाकी हिस्सों से जोड़ती है, यात्री अगर नैनीताल जा रहे हैं तो दिल्ली से फ्लाइट ले सकते हैं। नैनीताल पहुंचने के लिए दिल्ली से प्राइवेट टैक्सियां किराए पर ली जा सकती हैं।

**सड़क मार्ग से :** नैनीताल उत्तर भारत के कई शहरों और छोटे शहरों से अच्छे से जुड़ा हुआ है। दिल्ली और काठगोदाम से नैनीताल के लिए रोजाना बसें चलती हैं। इस रूट में वोल्वो, एसी और नॉन एसी जैसे कोच उपलब्ध हैं।

**रेल द्वारा :** काठगोधाम रेलवे स्टेशन, जो लगभग 34 किमी दूर स्थित है, नैनीताल का पास का रेलवे स्टेशन है। कई ट्रेनें नैनीताल को दिल्ली और देहरादून से जोड़ती हैं। कोलकाता, लखनऊ, आगरा और मथुरा से आने वाले यात्री काठगोदाम तक ट्रेन से जा सकते हैं और फिर नैनीताल के लिए एक प्राइवेट कैब या शेयरिंग टैक्सी किराए पर ले सकते हैं।



# सर्दियों में धूप का मजा उठाने के लिए परफेक्ट हैं दिल्ली के ये पार्क

सर्दियों के मौसम में धूप सेंकने का अपना अलग ही मजा है। ऐसे में कहीं घूमने का प्लान बनाया जाए, तो क्या ही कहने। लेकिन बिजी शेड्यूल और काम के प्रेशर की वजह से अक्सर छुट्टियां मिलना मुश्किल हो जाती है। इसकी वजह से आपके पास कहीं बाहर जाने का विकल्प नहीं बचता है। ऐसे में अगर आप कम समय में ही कहीं अच्छी जगह घूमना चाहते हैं, जहां आप धूप का मजा उठा सकें और रोज की भागदौड़ और थकान से भी खुद को बचा पाएं, तो आपके शहर दिल्ली में मौजूद कुछ गार्डन या पार्क घूम सकते हैं। यहां आप घूमने के साथ भी पिकनिक का आनंद भी उठा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप कहीं बाहर से दिल्ली घूमने आए हैं और प्राकृतिक जगह के शौकीन हैं, तो भी इस पार्क्स में घूम सकते हैं।



**हौसखाज डियर पार्क :** अगर आप सर्दियों में सुनहरी धूप और पिकनिक का मजा उठाना चाहते हैं, तो हौसखाज डियर पार्क एक बढ़िया विकल्प साबित होगा। यह पार्क हौजखास के पास मौजूद फिरोजशाह का मकबरे के पीछे स्थित है। पेड़ों के बीच इस पार्क में आप न सिर्फ धूप का मजा ले पाएंगे, बल्कि यहां के हिरण भी आपका दिल जीत लेंगे। इस पार्क से मकबरे के बाहर का नजारा भी बेहद खूबसूरत लगता है। इसी खूबसूरती की वजह से इस पार्क में कई फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है, जिसमें रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी स्टारर रॉक्स्टार शामिल है।

**लोधी गार्डन :** लोधी गार्डन दिल्ली के खूबसूरत गार्डन में से एक है। 90 एकड़ में फैले इस बगीचे में आपको हरियाली और वास्तुशिल्प कला देखने को मिलेगी। सर्दियों में आप यहां धूप सेंकने के साथ ही पिकनिक भी मना सकते हैं। यहां पर मोहम्मद शाह और सिकंदर लोधी के मकबरे के साथ ही शीशा गुंबद और बारा गुंबद भी है।

**सुंदर नर्सरी :** निजामुद्दीन स्थित हुमायूं के मकबरे के पास मौजूद सुंदर नर्सरी भी दिल्ली की खूबसूरत जगहों में से एक है। 90 एकड़ में फैला यह पार्क सर्दियों में आपके लिए एक बेहतरीन पिकनक स्पॉट साबित होगा। मुगलकाल की कई ऐतिहासिक इमारतों के साथ ही यहां पेड़-पौधों की कई प्रजातियां, फव्वारे और चिड़ियां मौजूद हैं।

**इंडिया गेट :** दिल्ली की शान इंडिया गेट देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में मशहूर पर्यटन स्थल है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों की शहादत का प्रतीक इंडिया गेट भी सर्दियों में आपके लिए घूमने का एक बढ़िया विकल्प रहेगा। गेट के आसपास मौजूद पार्क में आप बिना किसी रोक-टोक में आराम से धूप का मजा ले सकते हैं।

**सेंट्रल पार्क :** सर्दियों में घूमने के लिए दिल्ली का सेंट्रल पार्क भी शानदार रहेगा। कनॉट प्लेस में राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित यह पार्क धूप का आनंद उठाने के लिए परफेक्ट जगह है। यहां अक्सर नाटक और कुछ कार्यक्रम भी होते हैं, जिन्हें देखते हुए आप सर्दियों का लुफ्त उठा सकते हैं।

# दोस्तों के साथ करना है क्रिसमस ईवनिंग एंजॉय, तो मध्यप्रदेश का बना लें प्लान

दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा होता है। उनके साथ जगह कैसी भी हो, एंजॉयमेंट की पूरी गारंटी होती है। तो अगर आप भी दोस्तों के साथ जाते हुए साल को बनाना चाहते हैं यादगार, तो ट्रिप पर जाने से बेहतरीन और क्या ऑप्शन हो सकता है। मौका है क्रिसमस और न्यू ईयर का, जब ज्यादातर जगहों पर छुट्टियां होती हैं और इत्तेफाक से इस बार क्रिसमस संडे को पड़ रहा है। ऐसे में निकल जाएं किसी जगह जहां आप सुकून से बिता सकें अपनी छुट्टियां दोस्तों के साथ। इसके लिए मध्य प्रदेश एक अच्छा डेस्टिनेशन है। जहां आप एडवेंचर से लेकर नेचर हर एक का उठा सकते हैं लुत्फ।



### खजुराहो

खजुराहो मंदिरों का शहर है। यहां के मंदिर और उन पर बनी मूर्तियां दुनियाभर में मशहूर हैं। लेकिन खजुराहो में और भी बहुत कुछ है देखने लायक। यहां दो बेहद खूबसूरत वाटरफॉल्स हैं, पहला रनेह वॉटरफॉल और दूसरा पांडव वाटरफॉल। दोस्तों के साथ आप यहां आकर अच्छा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आसपास रहते हैं तो यहां का रोड ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

### पंचमढ़ी

आप और आपके दोस्तों को मौज-मस्ती से ज्यादा प्रकृति के करीब रहना पसंद है तो मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी का प्लान बनाएं। पंचमढ़ी का सतपुड़ा की रानी भी कहा जाता है। जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, पंचमढ़ी। पंचमढ़ी में आप भारत के सबसे ऊंचे वाटरफॉल में से रजत प्रताप झरना देख सकते हैं। इसके अलावा पांडव गुफाएं, जटाशंकर केव, चौरागढ़ मंदिर जैसी और भी कई जगहें हैं ट्रिप को यादगार बनाने के लिए।

### भेड़ाघाट

मध्य प्रदेश की ऐसी ही एक खूबसूरत जगह है, भेड़ाघाट। शाम के समय भेड़ाघाट और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाता है। चारों ओर लंबी चट्टानें और बीच में नदी...ये नजारा इतना प्यारा होता है कि आपका यहां से जाने का ही दिल नहीं करेगा। मध्य प्रदेश की इस ऑफबीट डेस्टिनेशन की सैर तो आपको एक बार जरूर करनी चाहिए।

### ओरछा

ओरछा मध्य प्रदेश का एक छोटा-सा कस्बा है लेकिन बहुत ज्यादा खूबसूरत। इस जगह को खूबसूरत बनाते हैं किले व महल। इसके अलावा पास में बहती बेतवा नदी और उसके किनारे बनी छत्रियां लगाती हैं इसमें चार चांद। आसपास घने जंगल भी हैं जहां आप जंगल सफारी के मजे ले सकते हैं।

# विंटर सीजन में वेकेशन की कर रहे हैं प्लानिंग, तो इन जगहों पर जरूर जाएं घूमने

विंटर सीजन की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम में देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। खासकर, उत्तर भारत में ठंडी अधिक पड़ती है। हालांकि, पश्चिम और दक्षिण भारत के राज्यों में विंटर सीजन में भी मौसम बेहद सुहाना रहता है। इसके लिए पर्यटक विंटर सीजन में घूमने के लिए दक्षिण भारत की खूबसूरत जगहों पर जाते हैं।



### मुंबई जाएं

अगर आप विंटर सीजन में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो मुंबई परफेक्ट डेस्टिनेशन है। मुंबई में सर्दी नहीं पड़ती है। आसान शब्दों में कहें तो मुंबई में सालोंभर एक जैसा मौसम रहता है। बरसात को छोड़ सभी दिनों में मुंबई का मिजाज लगभग एक जैसा रहता है। यहां ठंडी न के बराबर पड़ती है। इसके लिए सर्दियों में घूमने के लिए मुंबई जा सकते हैं। उत्तर भारत के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इसके लिए आप मुंबई का चयन कर सकते हैं। मुंबई में कई ऐतिहासिक पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जो अपनी विशेषता के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। आप मुंबई में देव दर्शन के लिए लिए मुंबा देवी, महालक्ष्मी, सिद्धिविनायक, इस्कॉन मंदिर आदि जगहों पर जा सकते हैं। वहीं, घूमने के लिए जुहू चौपाटी, बैंड स्टैंड, नरीमन पॉइंट, गेटवे ऑफ़ इंडिया, ताज होटल, फिल्म सिटी गोरेगांव जा सकते हैं।

### गोकर्ण जाएं

गोकर्ण को धर्म नगरी भी कहा जाता है। इस पवित्र पावन स्थल पर महाबलेश्वर मंदिर है। यहां पर आप ओम बीच, अर्ध-चंद्र और पैरासाइट बीच पर यात्रा का आनंद उठा सकते हैं। धर्म के अलावा, गोकर्ण में पर्यटन के लिए भी अनेकों डेस्टिनेशन है। आप यहां साइकिलिंग, ट्रैकिंग और हाईकिंग का आनंद उठा सकते हैं। विंटर सीजन में घूमने के लिए गोकर्ण परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आप अपने दोस्तों और परिवारजनों के साथ गोकर्ण घूमने जा सकते हैं।

### पुडुचेरी जाएं

पर्यटन के पुडुचेरी परफेक्ट डेस्टिनेशन है। हर मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक पुडुचेरी घूमने जाते हैं। आप विंटर सीजन में भी पुडुचेरी की यात्रा कर सकते हैं। यहां देश के महानगरों जैसी भीड़ नहीं रहती है। यह खूबसूरत द्वीप तमिलनाडु के समीप बसा हुआ है। यहां समुद्र की तेज लहरें चलती हैं। इसके लिए बड़ी एडवेंचर के शौक़ीन सर्फिंग के लिए पुडुचेरी आते हैं। अगर आप भी सर्फिंग का आनंद उठाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जा सकते हैं। पुडुचेरी में सेरेनिटी बीच सर्फिंग के लिए सबसे परफेक्ट जगह है। आप अपने दोस्तों के साथ विंटर सीजन में घूमने के लिए पुडुचेरी जा सकते हैं।

# पहाड़ों में अकेले हाइकिंग करते वक्त बेहद जरूरी है इन बातों का ध्यान रखना

प्रकृति के खूबसूरत नजारों का करीब से दीदार करने के लिए हाइकिंग सबसे बेस्ट ऑप्शन ऑप्शन है। एडवेंचर के शौकीन तो किसी भी ट्रिप में ट्रैकिंग और हाइकिंग का मौका मिस नहीं करते। जहां कुछ लोग इस एडवेंचर को ग्रूप में बातचीत करते हुए करना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग अकेले। हाइकिंग करने का एक मुख्य उद्देश्य प्रकृति के करीब जाना है। अकेले हाइकिंग का आइडिया बहुत एक्साइटिंग तो लगता है लेकिन इसके अपने रिस्क भी हैं और उनसे निपटने की पूरी तैयारी करना बेहद जरूरी है। अगर आपने भी अकेले हाइकिंग करने का सोच लिया है तो एक नजर नीचे दिए गए चेकलिस्ट को पर डाल लें कि इसके लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना है।



**लोकेशन के बारे में अच्छी तरह पता कर लें :** यदि आपको पहले से हाइकिंग का एक्सपीरियंस है तो इसके अलग-अलग लोकेशन की कठिनाइयों का भी पता होगा। लेकिन अगर आप पहली बार हाइकिंग पर जा रहे हैं और वह भी अकेले, तो लोकेशन के बारे में पूरा रिसर्च बहुत जरूरी है। आपको स्थानीय लोगों, हाइकिंग के रास्तों और इमरजेंसी सेवाओं, मौसम आदि के बारे में अच्छी जानकारी चाहिए। इस तरह आप अकेले हाइकिंग के लिए पूरी तरह तैयार और सुरक्षित होंगे और आपका अनुभव मजेदार होगा।

**जरूरी सामान पैक कर लें :** हाइकिंग के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक जरूरत के एक-एक सामान की चेकलिस्ट बनाना है। एक अकेले हाइकर को खुद खाना बनाना, टेंट लगाना और सभी सामानों की व्यवस्था करनी होती है इसलिए सभी चीजें पैक करना जरूरी है। और हां, यह भी ध्यान रखें कि बैग ज्यादा भारी ना हो जाए।

**मौसम में होने वाले बदलावों के लिए रहें तैयार :** हाइकिंग काफी कठिन हो जाता है अगर मौसम अचानक बदल जाए, जो अक्सर देखा जाता है। तेज धूप से लेकर बरसात तक, बेहद ठंड या फिर झुलसाने वाली गर्मी पड़ सकती है। इसलिए याद से थर्मल कोट, जैकेट और रेनकोट पैक कर लें और कठिन से कठिन मौसम के लिए तैयार रहें।

**लोकल गाइड साथ लें :** अक्सर सोलो हाइकर लोकल गाइड साथ कर लेते हैं। इससे भटकने का डर नहीं रहता और सफर आसान हो जाता है। गाइड चोरी या अन्य मुसीबत से भी बचाता है। हालांकि यह ध्यान रखना जरूरी है कि गाइड भरोसेमंद हो। इसलिए लोकल लोगों या फिर पहले हाइकिंग कर चुके/अनुभवी लोगों से गाइड का अता-पता जान लें।

**शरीर स्वस्थ और मनोबल ऊंचा हो :** अकेले हाइकिंग करने के लिए यह जरूरी है कि हेल्दी हो और हर सिचुएशन का सामना करने के लिए तैयार भी। इसलिए हाइकिंग से 3-4 महीने पहले इसकी तैयारी शुरू कर दें जिससे सफर आसान हो जाएगा। महिला सोलो हाइकर के लिए स्वास्थ्य संबंधी चुनौती बढ़ जाती है क्योंकि हाइकिंग के दौरान माहवारी की अनियमितता बढ़ने का खतरा रहता है।

# भारत की इन जगहों पर जाकर देखें नए साल का खूबसूरत नजारा

**साल** के आखिरी दिनों में छुट्टियां हों या साल के पहले हफ्ते में मौज-मस्ती के लिए टाइम मिले, तो इस मौके को हाथ से ना जाने दें। हमारे देश में कई ऐसी जगहें हैं, जहां का सूर्योदय और सूर्यास्त बहुत सुंदर दिखता है। अगर आप भी नए साल में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो क्यों न किसी ऐसी जगह पर जाएं, जहां से अपने सूर्योदय के खूबसूरत नजारे भी देख पाएं।

**कौसानी :** कौसानी को भारत का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। कहते हैं 1929 में अपनी भारत यात्रा के दौरान महात्मा गांधी 2 दिनों के लिए यहां आए थे लेकिन यहां की खूबसूरती ने उन्हें इतना मोहित कर दिया कि वो पूरे 12 दिन यहां रूके थे। जिस जगह वो रूके थे उसे अब अनासक्ति आश्रम के नाम से जाना जाता है। प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर कौसानी आकर आप नए साल की बेहतरीन शुरुआत कर सकते हैं। पंचचुली की पहाड़ियों पर सुबह-सुबह पड़ने वाली सूरज की किरणें एक अलग ही नजारा पेश करती हैं। यहां पर टी स्टेट, रुद्रधारी फॉल्स, सरला आश्रम, बैजनाथ, तारामंडल आदि कई जगहें हैं जो देखने लायक हैं।

**हंपी :** हंपी का नाम सुनते ही खंडहर दिमाग में आने लगते हैं, लेकिन हंपी के खंडहर भी इतने खूबसूरत हैं कि इन्हें देखने और कैमरे में कैद करने से आप खुद को रोक नहीं पाएंगे। इन खंडहरों में कभी एक पूरी सभ्यता बसती थी। यह शहर बेहद पुराना है। यहां के मतंग पर्वत का उल्लेख रामायण में भी मिलता है। अगर आप नए साल की एक अच्छी शुरुआत चाहते हैं, तो हंपी का प्लान बनाएं। मतंग हील्स के पीछे से उगते सूरज को देखने का एक्सपीरियंस ही अलग है। यहां की कई पहाड़ियों पर आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। हंपी के गोवा कहलाने वाले आइलैंड तक जरूर जाएं। यहां पहुंचने के लिए आप किराए पर स्कूटी ले सकते हैं। यहां पर आपको पंपा सरोवर, सनापुर झील और झरना देखने को मिलेगा।

**बनारस :** द ओल्डेस्ट लिविंग सिटी ऑफ द वर्ल्ड के नाम से मशहूर वाराणसी शिव की नगरी है। मंदिरों और घाटों का शहर और बाबा विश्वनाथ की नगरी है काशी। यह वह शहर है, जहां पर खुद सूर्य देव भी मंदिरों की घंटियों की आवाज से ही जागते हैं। सुबह नाव में बैठकर एक घाट से दूसरे घाट पर घूमना, चहचहाते पक्षियों को उड़ान भरते देखना वाकई एक रोमांचक अनुभव है। उगता सूरज जब किरणों की बाहें फैलाता है तो पूरा आसमान सिंदूर सा लाल हो जाता है। बनारस की गलियों में आप सिर्फ कचौड़ी, कुल्हड़वाला दूध, टमाटर की चाट और मलाई पान ही ढूंढें।

**कन्याकुमारी :** भारत का दक्षिणी किनारा जहां तीन समुद्रों का संगम होता है, ऐसी जगह पर उगते सूरज को अपनी रोशनी बिखेरते हुए देखना कितना आनंदमय होता होगा इस बात का अंदाजा तो आपको वहां जाकर ही लगेगा। विवेकानंद मेमोरियल जहां संत तिरुवल्लुवर की मूर्ति है उस जगह पर सूर्योदय का साफ नजारा देखने के लिए समय रहते बीच पर बने लाइटहाउस पहुंच जाएं। यहां पर सूर्योदय जितना खूबसूरत है, सूर्यास्त भी उतना ही गजब। कन्याकुमारी में इन नजारे के अलावा आप तिरपरप्पू फॉल्स, विवेकानंद मेमोरियल, थानुमलायन मंदिर, कुमारी अम्मन टेंपल आदि भी देख सकते हैं। इन जगहों के अलावा दार्जिलिंग में टाइगर हिल्स, गुजरात में कच्छ के रण, केरल के कोवलम बीच, मेघालय की खासी हिल्स, जम्मू-कश्मीर की नुब्रा वैली का सनराइज भी खूबसूरत है।

इंसान का जमीर और शतरंज का वजीर एक जैसा होता है..क्योंकि अगर दोनों मर गए तो खेल खत्म..
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

# कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम राजस्थान के लिए साबित होगा वरदान - शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संचय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 'कर्मभूमि से मातृभूमि' कार्यक्रम की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रवासी बंधुओं की जनभागीदारी के माध्यम से मातृभूमि के विकास में योगदान के रूप में राजस्थान राज्य में भूजल स्तर में बढ़ोतरी के लिए 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण होगा। यह अभियान प्रदेश में वाटर रिचार्ज के क्षेत्र में वरदान साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं बिहार के प्रवासी बंधुओं द्वारा भूजल पुनर्भरण हेतु आधुनिक रिचार्ज शाफ्ट्स का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी एवं जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में युवाओं के रोजगार व कौशल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों एवं अन्य जनकल्याणकारी विषयों पर सार्थक चर्चा की।

# डोटासरा बोले-सीएम ने कबूतर की तरह समस्याओं से आंखें मूंदी

## कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल, राज्य मंत्री के पास गुहार लगा रहे; इससे शर्म की बात क्या होगी?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के मुद्दे पर भजनलाल सरकार पर सवाल उठाए हैं। डोटासरा ने कहा कि बिल्ली को देखकर कबूतर के आंख बंद करने से वह उसे नहीं छोड़ती, उसी तरह सीएम ने समस्याओं से आंखें मूंद रखी हैं कि समस्याएं आएगी और अपने आप समाधान हो जाएगा।

डोटासरा ने कहा- मंत्री और सीएम की यह आंख मिचौली कब तक चलेगी, यह तमाशा है। एक कैबिनेट मंत्री अगर राज्य मंत्री से मिलकर गुहार लगा रहा है तो यह सरकार के लिए शर्म की बात है। एक कैबिनेट मंत्री अपनी पुलिस के ऊपर आरोप लगा रहा है कि गलत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को दे रहे हैं, मुख्यमंत्री गृहमंत्री भी हैं, इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है?

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- एक मंत्री रात को जाकर पुलिस अधिकारियों के चंगुल से लोगों को छुड़वाता है, इसमें किरोड़ी या पुलिस में कौन सही है? पुलिस सही है तो फिर किरोड़ीलाल पर राज कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज होना चाहिए और किरोड़ीलाल सही और पुलिस गुंडागर्दी कर रही है तो पुलिस के खिलाफ एक्शन होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री गृह मंत्री भी हैं, किरोड़ीलाल से चर्चा करें

डोटासरा ने कहा- मैं यह कहता हूं मुख्यमंत्री जो गृह मंत्री हैं, उन्हें पूरे प्रकरण में अपनी जवाबदेही लेनी चाहिए। सीएम को किरोड़ीलाल से सारी बातें करनी चाहिए, उनके मंत्रिमंडल के साथी है। उनके मुद्दों पर खुली चर्चा करनी चाहिए, उसके बाद फैसला करना चाहिए। किरोड़ीलाल के साथ बैठक करने के बाद मंत्रियों को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताना चाहिए कि प्रदेश के मुद्दों की स्थिति क्या रहेगी? सरकार किस दिशा में काम करने जा रही है, क्या निर्णय लेने जा रही है, उनको बताना चाहिए। डोटासरा ने कहा- मुख्यमंत्री ने तो ठान रखा है, मैं नहीं करूंगा। मुझे कुछ नहीं करना तो यह उनकी गलतफहमी है। यह राजस्थान की जनता देख रही है और आने वाले समय में इनको सदन और सड़क दोनों जगह कांग्रेस पार्टी घेरेगी।

# आरएएस के अलावा दूसरे अधिकारी भी आईएएस बनेंगे

## हाईकोर्ट ने रोक हटाई; कहा- आरएएस एसोसिएशन ने समय बर्बाद किया, 5 लाख जुर्माना लगाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नॉन आरएएस से आईएएस में प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। करीब डेढ़ साल पहले 7 जुलाई 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए नॉन आरएएस सर्विस से आईएएस बनाने पर रोक लगा दी थी। 26 नवंबर को सुनवाई पूरी करने के साथ कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने आज आरएएस एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका खारिज होने के साथ ही प्रमोशन पर लगी रोक भी हट गई है। कोर्ट ने आरएएस एसोसिएशन पर व्यक्तिगत हितों के चलते याचिका लगाकर कोर्ट का समय बर्बाद करने पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

### सरकार ने कहा- व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते आए

सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा- सरकार नियमों के तहत ही नॉन आरएएस से आईएएस में प्रमोशन कर रही थी। नियमों में साफ है कि सरकार प्रमोशन के 15 प्रतिशत पदों पर नॉन आरएएस अधिकारियों का आईएएस में प्रमोशन कर सकती है।

अभी तक हुए सभी प्रमोशन में सरकार ने कभी भी इस सीमा को नहीं लांघा। वहीं, शेष पदों पर आरएएस अधिकारियों को ही आईएएस में पदोन्नत किया जा रहा है। आरएएस एसोसिएशन की ओर से लगाई याचिका से लगता है कि यह केवल निजी स्वार्थ के चलते लगाई गई है।

केवल इस आशंका से की इन्हें प्रमोशन के अवसर कम मिलेंगे। इस आधार पर यह याचिका लगाई गई है। उन्होंने कहा- सरकार नॉन आरएएस से आईएएस में उन अधिकारियों को प्रमोट करती है, जो अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं।





# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का मुंबई दौरा

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरुवार को मुंबई दौरे पर पहुंची। वहां उन्होंने आज़ाद मैदान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शपथ ग्रहण के पश्चात महाराष्ट्र के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़नवीस से मुलाकात कर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र के नव निर्वाचित उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से भी भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिया कुमारी ने इससे पूर्व राजस्थान के प्रवासी समाज अध्यक्ष मोहन माली, चौनाराम सहित अन्य लोगों से मुलाक़ात की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वागत एयरपोर्ट पर राजस्थान पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सीमा यादव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सहायक निदेशक ऋतु सोढ़ी , राजस्थान हाउस वाशी से शशिकांता शर्मा ने किया।

# प्रदेश में अब बढ़ेगी सर्दी...

## सीकर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, सभी जिलों में 2 डिग्री तक गिरावट हुई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सीकर का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया है। राजस्थान के सभी जिलों में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट हुई है। वहीं, मौसम विभाग ने आज और कल सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सभी जगह आसमान साफ रहा। राजधानी जयपुर में जहां दिन में तापमान में तेजी रही, लेकिन शाम होते-होते सर्द हवा ने आम आदमी को सर्दी का एहसास करा दिया। बुधवार को प्रदेश के माउंट आबू के अलावा सभी शहरों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

### रात के तापमान में आ रही है गिरावट

सीकर में देर रात न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। चूरू में तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, जयपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट हुई है। इसकी वजह से प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल भी तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। इसकी वजह से अगले 48 घंटों में न्यूनतम के साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट प्रबल संभावना है।

# हेमंत सोरेन कैबिनेट में 5 मंत्री रिपीट

## जेएमएम-कांग्रेस ने 50% मंत्रियों को किया ड्राप, पहली बार फारवर्ड कोटे से एक भी मंत्री नहीं



बढ़ता राजस्थान

**रांची ( एजेंसी )।** हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के 6 दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। नई सरकार में 5 मंत्रियों को रिपीट किया गया है। जबकि, जेएमएम और कांग्रेस ने अपने 50% मंत्रियों को बदला है।

खास बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार फारवर्ड कोटे से मंत्री नहीं बनाया गया है। इससे पहले एक या दो मंत्री हमेशा फारवर्ड कोटे से बनते रहे हैं। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथिलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गए हैं। इसके बाद इंडिया ब्लॉक ने फारवर्ड कोटे को खत्म कर दिया है। जानकार मानते हैं कि फारवर्ड भाजपा के परंपरागत वोटर हैं। इस वजह से भी हेमंत सोरेन सरकार ने महत्व नहीं दिया। हालांकि, इस कोटे से मंत्री पद की रेस में चुन्ना सिंह और अनंत देव प्रताप का नाम चर्चा में था। मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक विधायक मंत्री बने हैं। जेएमएम के हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली। बाकी 10 मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को अकेले ही मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### जेएमएम ने 3 मंत्रियों को किया रिपीट, 3 नए चेहरे

जेएमएम ने नई कैबिनेट में तीन मंत्रियों को रिपीट किया है। चाईबासा से विधायक दीपक बिरुवा, घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन और मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन अंसारी इस बार भी मंत्री बने हैं। तीनों हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में मंत्री थे। वहीं, पार्टी ने तीन नए चेहरों गिरिडीह से विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गोमिया से विधायक योगेंद्र प्रसाद और बिशुनपुर से विधायक चमरा लिंडा को मौका दिया है। योगेंद्र कुर्मी/महतो समाज से आते हैं और हेमंत सोरेन के काफी करीब हैं। वहीं, सुदिव्य दो बार से गिरिडीह से चुनाव जीत रहे हैं। वह कल्पना सोरेन के करीबी बताए जाते हैं। कल्पना गिरिडीह जिले की गांडेय सीट से विधायक हैं। दीपक बिरुवा झारखंड आंदोलन की उपज है। आंदोलन के दौरान 1998 में इनका सम्पर्क चाईबासा के टाटा कॉलेज छात्र युनियन के सचिव धनश्याम दरबारा हो गया। इसके बाद वह आंदोलन से जुड़ गए। वहीं, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के जेएमएम छोड़ने पर रामदास सोरेन की किस्मत खुली थी। पार्टी ने कोल्हान एरिया में उनको अपना चेहरा बनाया और पिछली बार भी मंत्री बनाया था। इस बार भी उनको मंत्री बनाया है। रामदास ने चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन को चुनाव हराया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# संसद सत्र : निशिकांत बोले-विपक्ष सरकार गिराने की कोशिश कर रहा


## राहुल से पूछा- क्या आप खालिस्तान समर्थकों और कश्मीर तोड़ने वालों से नहीं मिले

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को 8वां दिन था। इस दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच तीखी बहस हुई। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाए कि विपक्ष सरकार गिराने की लगातार कोशिशें कर रहा है। निशिकांत ने राहुल गांधी से पूछा कि क्या आप खालिस्तान समर्थकों और कश्मीर का विभाजन चाहने वालों से नहीं मिले? निशिकांत ने ये भी बताया कि विपक्षी नेताओं का एक धड़ा पीएम नरेंद्र मोदी की अगुआई में देश को मिली तरक्की को गलत साबित करना चाहता है। एक संस्था मीडियापार्ट ने एक रिपोर्ट में बताया कि ओसीसीआरपी संगठन का यह काम है कि कैसे संसद की कार्यवाही को रोका जाए।

### निशिकांत दुबे ने पूछा- राहुल इल्हान उमर, रो खन्ना से मिले थे

निशिकांत ने कहा कि मैं विपक्ष के नेता से ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के सलिल चौधरी से संबंधों पर 10 सवाल पूछना चाहता हूं। क्या उन्होंने (सलिल चौधरी) भारत जोड़ो यात्रा के लिए पैसा नहीं दिया? निशिकांत ने कहा कि राहुल



अमेरिका गए थे और वहां मुश्फिकुल फजल से मिले। फजल, बांग्लादेश में हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं। राहुल इल्हान उमर, रो खन्ना और बारबरा ली से मिले थे। ये लोग अमेरिका में मोदी के कार्यक्रमों का विरोध करते हैं। आप (राहुल) उन लोगों से मिले, जो खालिस्तान बनाना चाहते हैं और कश्मीर का विभाजन कराना चाहते हैं।

### गौरव गोगोई बोले- मोदी अब संभल में आग लगाना चाहते हैं

असम से सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि भाजपा झूठ बोल रही है। वे संसद नहीं चलाना चाहते। राहुल गांधी देश में शांति कायम करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने जिस तरीके से मणिपुर में आग लगाई, वैसे ही संभल में आग लगाना चाहते हैं। राहुल गांधी को संभल जाने से रोका गया।

### संसद के बाहर मोदी-अडाणी को लेकर नारेबाजी

विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर संसद पहुंचे और गली-गली में शोर है, मोदी-अडाणी चोर हैं के नारे लगाए। संसद की पिछली 7 कार्यवाहियों में संभल हिंसा, मणिपुर हिंसा, किसानों की मांग का मुद्दा और अडाणी मामला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। विपक्षी सांसदों के साथ राहुल और प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए ये भी कहा- स्कूल देखो- अडाणी, सड़कें देखो- अडाणी, ऊपर देखो- अडाणी, नीचे देखो- अडाणी के नारे लगाए। राहुल गांधी ने प्रदर्शन के दौरान कहा- आप (सरकार) कभी इन्वेस्टीगेशन कराओगे? आप करा सकते हो अपना ही इन्वेस्टीगेशन? मोदी जी, अडाणी जी की जांच नहीं करा सकते। क्योंकि मोदी, अडाणी की जांच कराएंगे तो अपनी ही जांच कराएंगे। मोदी और अडाणी दो नहीं, एक हैं।